जैन

तन्त्र-शास्त्र

[विभिन्न कामनाओं की पूर्ति करने वाले जैन मन्त्र एवं यन्त्र तथा उनकी साधन-विधि]

लेखक
विद्या-वारिधि पं. राजेश दीक्षित

•

सम्पादक
पं. यतीन्द्र कुमार जैन शास्त्री

वितरक फोन: 3881121
गर्ग आणि कं. बुकसेलर्स
106, सी. पी. टैंक, बंबई-4.

दीप पब्लिकेशन
केवल मार्केट,
हॉस्पीटल रोड, आगरा 282003

प्रकाशक :
दीप पब्लिकेशन
कंचन मार्केट,
अस्पताल मार्ग, आगरा-३

लेखक :
पं. राजेश दीक्षित

सम्पादक
पं. यतीन्द्र कुमार जैन शास्त्री

सर्वाधिकार
प्रकाशकाधीन

संस्करण :
प्रथम : १९८४ ई०
द्वितीय संस्करण 1990-91

चेतावनी

भारतीय कापीराइट एक्ट के अधीन इस पुस्तक के सर्वाधिकार दीप पब्लिकेशन के पास सुरक्षित हैं। अतः कोई सज्जन इस पुस्तक का नाम, अन्दर का मैटर, डिजायन, चित्र व सैटिंग तथा किसी भी अंश को किसी भी भाषा में नकल या तोड़मोड़ कर छापने का साहस न करें, अन्यथा कानूनी तौर पर हर्जे-खर्चे व हानि के जिम्मेदार होंगे।

—प्रकाशक

मूल्य : 36 रुपये
5 (डालर)
4 (पौण्ड)
मुद्रक :
चन्द्रा प्रिण्टर्स, आगरा-२

दो-शब्द

प्रस्तुत सकलन मे जैन-धर्म के तीन महत्वपूर्ण ग्रन्थ सकलित हैं—(१) चतुर्विंशतितीर्थंकर अनाहत मन्त्र-यन्त्र विधि, (२) श्री कल्याण मन्दिर स्तोत्र तथा (३) भक्तामर स्तोत्र।

उक्त ग्रन्थो मे सम्बन्धित ऋद्धि, मन्त्र-यन्त्र उनकी साधन-विधि तथा प्रभावादि का उल्लेख भी इसमें किया गया है।

पूर्वाचार्यकृत 'श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर अनाहत यन्त्र-मन्त्र विधि' नामक ग्रन्थ अब तक केवल कन्नड भाषा मे ही उपलब्ध था। श्री १०८ गणधराचार्य श्री कुन्थुसागर जी महाराज द्वारा उक्त कन्नड-ग्रन्थ का प्रथम हिन्दी-अनुवाद प्रस्तुत किया गया, एतदर्थ सम्पूर्ण समाज उनका अत्यन्त अनुग्रहीत है।

'कल्याण मन्दिर स्तोत्र' यथार्थ म मानव-कल्याण का मन्दिर ही है। जैन धर्म के दोनों सम्प्रदायों—श्वेताम्बर तथा दिगम्बर—में इसे समान रूप से प्रतिष्ठा प्राप्त है। श्वेताम्बर सम्प्रदाय इसे सिद्धसेन दिवाकर की तथा दिगम्बर सम्प्रदाय आचार्य कुमुदचन्द्र की रचना मानता है। इस स्तोत्र का रचना-काल ग्यारहवीं शताब्दी के बाद का माना जाता है। यह चमत्कारिक स्तोत्र भी दीर्घकाल म अनुपलब्ध था। खुरई निवासी प० कमलकुमार जैन शास्त्री 'कुमुद' के कठिन परिश्रम के फलस्वरूप ही यह सुलभ हो पाया है।

'भक्तामर स्तोत्र' का रचना-काल भी सुनिश्चित नही है, परन्तु इसके प्रणेता उज्जयिनी के महाराजा विक्रमादित्य के समय मे विद्यमान थे, ऐसी मान्यता है। यह स्तोत्र भी—श्वेताम्बर तथा दिगम्बर—दोनो सम्प्रदायो द्वारा मान्य है तथा सभी जैन मतानुयायी इसे मनोभिलाषाओ की पूर्ति करने वाला स्वीकारते हैं।

आधुनिक युग म श्रुतज्ञान परम्परा के प्रतिष्ठापक मुनि श्री १०८ धरसेनाचार्यजी ने पञ्चपरमेष्ठी वाचक णमोकार मन्त्र को 'अनादि निधन' कहा है। इस मन्त्र के प्रति अनादि निधन शब्द का प्रयोग शब्दात्मक

पुद्गल (Matter) के पर्याय का परिवर्तन तथा उसका ध्रौव्यपुद्गल द्रव्यात्मकता होने से त्रिकालाबाधित सत्य की कसौटी पर आज के वैज्ञानिक साधना द्वारा सिद्ध हो गया है।

मुनि श्री भूतबली ने पुष्पदन्त की परीक्षा मन्त्र-साधना विधि से की थी तथा उसमें सफलता मिलने के बाद ही उन्हें श्रुत का ज्ञान कराया गया था, अस्तु मन्त्र-शास्त्र भी द्वादशांग रूप श्रुत के विद्यानुवाद का विषय रहा है। मन्त्र-साधना के द्वारा ही एकाग्रता को प्राप्त कर, क्रमश मोक्ष-सोपान पर आरूढ हुआ जा सकता है।

मन्त्र के उच्चारण से उत्पन्न हुई तरंगों की आकृति की रचना Photograph of Vibrations ही यन्त्र का प्रतिरूप है। चाँदी, ताम्र आदि पर लिखित मन्त्र स्वरूप को ही यन्त्र कहा जाता है। वह मन्त्र को स्मरण कराने का साधन होता है। यथार्थ में ध्वन्यात्मक उच्चारण से आकाश स्थित वायु के माध्यम से कम्पायमान तरंगों से जो आकृति रचित होती है, उसका जो ज्ञान स्वात्मज्ञान के द्वारा होगा, वही उस यन्त्र द्वारा भी प्राप्त होता है।

यन्त्र में लौकिक-कार्य सम्पादन की शक्ति अन्तर्निहित रहती है। उस शक्ति से ही ताम्रपत्रादि में चमत्कारिता को प्रकट किया जा सकता है। वही आत्म-शक्ति के प्रभाव का द्योतन भी करती है। वस्तुत मन्त्र, यन्त्र का विषय त्यागी, तपस्वी साधुजनों का ही है। इनकी साधना का मुख्य उद्देश्य स्वात्मस्वरूप की प्राप्ति ही है, तथापि धर्म प्रभावना हेतु इनका चमत्कारिक प्रयोग यथावसर स्वयमेव भी होता है। अत जो लोग धर्माचरण में प्रवृत्त रहकर मन्त्र-यन्त्रों की साधना करते हैं, उन्हें वांछित फलों की नि सशय उपलब्धि होती है।

मन्त्र-यन्त्र साधना प्राय सभी धर्म-सम्प्रदायों में प्रचलित है। जैन तथा बौद्ध धर्मों को यदि हिन्दू धर्म का सहोदर मान लिया जाय तो भी इस्लाम और यहाँ तक कि ईसाई धर्म में भी मन्त्र-तन्त्र साधक पाये जाते हैं। साधन विधियाँ पृथक्-पृथक् होने पर भी उन सबका लक्ष्य एक जैसा ही रहता है।

जैन धर्म में भी तन्त्र-मन्त्र एवं यन्त्रों का बाहुल्य है। 'विद्यानुवाद' ग्रन्थ तन्त्र-मन्त्रों का भण्डार माना जाता है, परन्तु वह अब दुष्प्राप्य है। इधर 'लघुविद्यानुवाद' नामक एक ग्रन्थ पिछले दिनों प्रकाशित हुआ है, परन्तु उसमें सकलित मन्त्र-तन्त्रादि की शुद्धता असंदिग्ध नहीं है।

अस्तु, साधकों को निश्चित सफलता प्राप्त हो, इस दृष्टि से, इधर-उधर से मन्त्र-तन्त्रादि का सकलन न करके, जिन स्तोत्रों में सम्बन्धित मन्त्र-यन्त्रों की प्रामाणिकता निर्विवाद है, केवल उन्हीं को इस संग्रह में स्थान दिया गया है।

आशा है, मन्त्र-जिज्ञासु इससे लाभान्वित होंगे।

प्रस्तुत ग्रन्थ हेतु सामग्री-संकलन में हमें जिन विद्वानों तथा ग्रन्थों से सहायता प्राप्त हुई, उन सभी के प्रति हम हृदय से कृतज्ञ हैं। श्री यतीन्द्रकुमार जैन शास्त्री, के हम अत्यधिक आभारी हैं, क्योंकि इस पुस्तक के सम्पादन में सर्वाधिक सहयोग उन्हीं से प्राप्त हुआ है।

अहीरपाड़ा, आगरा–२
१ जून, १९८४ ई०

—राजेश दीक्षित

विषय-सूची

		पृष्ठ संख्या
०.	साधन से पूर्व आवश्यक निर्देश आदि	१४–१६
१.	चतुर्विंशति तीर्थंकर अनाहत मन्त्र-यन्त्र साधन-विधि—	१७–५६
	(क) आवश्यक ज्ञातव्य	
	(१) श्री ऋषभनाथ स्वामी	
	राजा वशीकरण मन्त्र-यन्त्र	१८
	(२) श्री अजितनाथ स्वामी	
	सर्प वशीकरण मन्त्र-यन्त्र	२०
	(३) श्री सम्भवनाथ स्वामी	
	कार्य-साधक मन्त्र-यन्त्र	२१
	(४) श्री अभिनन्दननाथ स्वामी	
	सर्वजन स्वाधीन मन्त्र-यन्त्र	२२
	(५) श्री सुमतिनाथ स्वामी	
	पुरुष वशीकरण मन्त्र-यन्त्र	२४
	(६) श्री पद्मप्रभ स्वामी	
	लक्ष्मीवर्द्धक मन्त्र-यन्त्र	२५
	(७) श्री सुपार्श्वनाथ स्वामी	
	वृश्चिक-भयनाशक मन्त्र-यन्त्र	२६
	(८) श्री चन्द्रप्रभ स्वामी	
	स्त्री-पुरुष वशीकरण मन्त्र-यन्त्र	२८
	(९) श्री पुष्पदन्तनाथ स्वामी	
	अचिन्त्य फलदायक मन्त्र-यन्त्र	२९
	(१०) श्री शीतलनाथ स्वामी	
	सर्व पिशाचवृत्ति भयनाशक मन्त्र-यन्त्र	३०
	(११) श्री श्रेयांसनाथ स्वामी	
	चतुष्पद-रक्षण मन्त्र-यन्त्र	३१

(१२) श्री वासुपूज्य स्वामी
सर्वकार्य सिद्धि मन्त्र-यन्त्र ३२
(१३) श्री विमलनाथ स्वामी
तुष्टि-पुष्टिदायक मन्त्र-यन्त्र ३४
(१४) श्री अनन्तनाथ स्वामी
सर्वसौख्यदायक मन्त्र-यन्त्र ३५
(१५) श्री धर्मनाथ स्वामी
सर्व वशीकरण मन्त्र-यन्त्र ३६
(१६) श्री शान्तिनाथ स्वामी
सर्व शान्तिकरण मन्त्र-यन्त्र
(१७) श्री कुन्थुनाथ स्वामी
मत्कुणादि-उपद्रवनाशक मन्त्र यन्त्र ३६
(१८) श्री अरहनाथ स्वामी
द्यूत-विजयप्रद मन्त्र-यन्त्र ४०
(१९) श्री मल्लिनाथ स्वामी
चिन्तित कार्यसिद्धिप्रद मन्त्र-मन्त्र ४१
(२०) श्री मुनि सुव्रतनाथ स्वामी
वशीकरण मन्त्र-यन्त्र ४२
(२१) श्री नमिनाथ स्वामी
सर्व वशीकरण मन्त्र-यन्त्र ४४
(२२) श्री नेमिनाथ स्वामी
युद्ध-विजयप्रद मन्त्र-यन्त्र ४५
(२३) श्री पार्श्वनाथ स्वामी
आरोग्यदायक मन्त्र-यन्त्र ४६
(२४) श्री महावीर स्वामी
युद्ध-विजयप्रद मन्त्र-यन्त्र ४७
(ख) यन्त्र प्राण-प्रतिष्ठा मन्त्र ४६
(ग) तीर्थङ्कर-बिम्ब (मूर्ति) के नीचे स्थापना करने का मन्त्र ४६
(२५) नागार्जुन यन्त्र-विधान ५०
(२६) नवग्रह यन्त्र-चिन्तामणि ५५
२ श्रीकल्याण मन्दिर स्तोत्र
मन्त्र-यन्त्र साधन-विधि ५७-१२७
(क) आवश्यक-ज्ञातव्य
(१) विवाद-विजय एवं अभीप्सित कार्य सिद्धिदायक
मन्त्र-यन्त्र ५८

(२) वशीकरण कारक एवं जल-यात्रा-भय निवारक मन्त्र-यन्त्र ६०
(३) गर्भपात एवं असमय-निधन निवारक मन्त्र-यन्त्र ६२
(४) वशीकरण कारक एवं प्रच्छन्न-धन प्रदर्शक मन्त्र-यन्त्र ६३
(५) वशीकरण कारक एवं सन्तान-सम्पत्ति प्रदायक मन्त्र-यन्त्र ६५
(६) चौर-सर्पादि भय-निवारक एवं आकर्षण कारक मन्त्र-यन्त्र ६६
(७) सर्प-दंश एवं कुपितोपदेश-विनाशक मन्त्र यन्त्र ६८
(८) उपद्रव-नाशक एवं सर्प-वृश्चिक विष-नाशक मन्त्र-यन्त्र ७०
(९) जल-भय-नाशक एवं तस्कर-भय-विनाशक मन्त्र यन्त्र ७२
(१०) अग्नि-भयनाशक मन्त्र, जल-भय-विनाशक यन्त्र ७४
(११) मनोभिलाषा पूरक मन्त्र एवं अग्नि-भय-नाशक यन्त्र ७५
(१२) क्रूर व्यन्तरादि नाशक मन्त्र एवं जल-सुधारक यन्त्र ७७
(१३) प्रश्नोत्तरदायक एवं शत्रु-निवारक मन्त्र-यन्त्र ७९
(१४) ज्वर-नाशक-मन्त्र एवं चौर-भयहारी यन्त्र ८१
(१५) कर्म-दोष नाशक मन्त्र एवं भय-नाशक यन्त्र ८३
(१६) विष-दोष नाशक मन्त्र एवं विरोध नाशक यन्त्र ८५
(१७) शुभाशुभ ज्ञान प्रदायक मन्त्र एवं सर्प-विष नाशक यन्त्र ८६
(१८) जल-जीव मुक्ति कारक मन्त्र एवं नेत्र-पीडा-नाशक यन्त्र ८८
(१९) वशीकरण मन्त्र एवं उच्चाटन कारक यन्त्र ८९
(२०) हिंस्र-पशु भय नाशक एवं पुष्प-पोषक यन्त्र-मन्त्र ९१
(२१) सम्मान-प्रदायक एवं फल-पोषक मन्त्र-यन्त्र ९२
(२२) स्त्री-आकर्षण एवं राज-सम्मान दायक मन्त्र-यन्त्र ९४
(२३) शत्रु-सैन्य निवारक एवं राज-प्रदाता मन्त्र-यन्त्र ९५
(२४) सर्प-वृश्चिकादि विष-नाशक एवं हर्ष-वर्द्धक मन्त्र-यन्त्र ९७

(२५) पर-विद्या-प्रयोग नाशक एवं सम्मानप्रद मन्त्र-यन्त्र ९८
(२६) दृष्टि-दोष नाशक एवं शत्रु-पराभव कारक मन्त्र-यन्त्र १००
(२७) पराधीनता-नाशक एवं यश-विस्तारक मन्त्र-यन्त्र १०२
(२८) दाहक-ज्वर-नाशक एवं लोक-प्रसन्नतादायक मन्त्र-यन्त्र १०३
(२९) शुभाशुभ ज्ञान-प्रदाता एवं जल-स्तम्भक मन्त्र-यन्त्र १०५
(३०) शत्रु उपद्रव-नाशक एवं शुभाशुभ ज्ञान प्रदाता मन्त्र-यन्त्र १०६
(३१) निद्राकारक एवं मांघातिक-विद्या-भय-नाशक मन्त्र-यन्त्र १०८
(३२) भूतप्रेतादि भय-नाशक एवं दुर्भिक्ष निवारक मन्त्र-यन्त्र १०९
(३३) अन्न-धन प्रदायक एवं भूतादि-पीड़ा-नाशक मन्त्र-यन्त्र १११
(३४) संकट-निवारक एवं अपस्मारादि-दोष-नाशक मन्त्र-यन्त्र ११२
(३५) वशीकरण कारक एवं सर्प-कीलक मन्त्र-यन्त्र ११४
(३६) भूत-ग्रहादि-निवारक एवं सम्मान-प्रदायक मन्त्र-यन्त्र ११५
(३७) अभीप्सित-कार्य-साधक एवं नहरू आदि रोग-नाशक मन्त्र-यन्त्र ११७
(३८) आकर्षण-कारक एवं ज्वरादि नाशक मन्त्र-यन्त्र ११८
(३९) विषमज्वरादि नाशक मन्त्र-यन्त्र १२०
(४०) अस्त्र-शस्त्रादि स्तम्भक मन्त्र-यन्त्र १२१
(४१) स्त्री-रोग नाशक मन्त्र-यन्त्र १२३
(४२) भय-नाशक एवं बन्धन-मोक्ष कारक मन्त्र-यन्त्र १२४
(४३) रोग-शत्रु-नाशक एवं व्यापार-वर्द्धक मन्त्र-यन्त्र १२६
३. श्री भक्तामर स्तोत्र मन्त्र-साधन विधि १२८–१७८
(क) आवश्यक-ज्ञातव्य, मन्त्र-यन्त्र १२८
(१) सर्व विघ्ननाशक मन्त्र-यन्त्र १२९
(२) मस्तक पीड़ा-नाशक मन्त्र-यन्त्र १३०
(३) सर्व सिद्धिदायक मन्त्र-यन्त्र १३१

(४) जल-जन्तु-भयमोचक मन्त्र-यन्त्र १३३
(५) नेत्र-रोगहारक मन्त्र-यन्त्र १३४
(६) विद्या-प्रसारक मन्त्र-यन्त्र १३५
(७) क्षुद्रोपद्रव-निवारक मन्त्र-यन्त्र १३५
(८) सर्वारिष्ट योग निवारक मन्त्र यन्त्र १३६
(९) अभीप्सित फलदायक मन्त्र-यन्त्र १३७
(१०) कुक्कुर-विष-नाशक मन्त्र-यन्त्र १३८
(११) आकर्षण-कारक एवं वाछापूरक मन्त्र-यन्त्र १३९
(१२) हस्ति-मद विदारक, मन्त्र-यन्त्र एवं वाञ्छितफल-
दायक मन्त्र-यन्त्र १४१
(१३) सम्पत्ति-दायक एवं शरीर-रक्षक मन्त्र-यन्त्र १४२
(१४) आधि-व्याधि नाशक मन्त्र यन्त्र १४३
(१५) सम्मान-सौभाग्य सम्वर्द्धक मन्त्र-यन्त्र १४४
(१६) सर्व विजय दायक मन्त्र-मन्त्र १४५
(१७) सर्व रोग निरोधक मन्त्र यन्त्र १४६
(१८) शत्रु सैन्य स्तम्भक मन्त्र-यन्त्र १४७
(१९) उच्चाटनादि नाशक मन्त्र-यन्त्र १४९
(२०) सन्तान-सम्पत्ति सौभाग्य प्रदायक मन्त्र-यन्त्र १५०
(२१) सर्वसुख सौभाग्य साधक मन्त्र-यन्त्र १५१
(२२) भूत-पिशाच बाधा निरोधक मन्त्र-यन्त्र १५२
(२३) प्रेत-बाधा नाशक मन्त्र-यन्त्र १५३
(२४) शिरोरोग नाशक मन्त्र-यन्त्र १५४
(२५) दृष्टि-दोष निवारक मन्त्र-यन्त्र १५५
(२६) आधा सीसी पीडा-विनाशक मन्त्र-यन्त्र १५६
(२७) शत्रु-नाशक मन्त्र-यन्त्र १५७
(२८) सर्व मनोरथपूरक मन्त्र-यन्त्र १५८
(२९) नेत्र पीडा-निवारक मन्त्र-यन्त्र १५९
(३०) शत्रु-स्तम्भन कारक मन्त्र-यन्त्र १६०
(३१) राजसम्मान प्रदायक मन्त्र-यन्त्र १६१
(३२) सग्रहणी निवारक मन्त्र-यन्त्र १६२
(३३) सर्वज्वर महारक मन्त्र-यन्त्र १६३
(३४) गर्भ-सरक्षक मन्त्र-यन्त्र १६४
(३५) ईति-भीति निवारक मन्त्र-यन्त्र १६५
(३६) लक्ष्मी-प्रदायक मन्त्र-यन्त्र १६६
(३७) दुष्टता-प्रतिरोधक मन्त्र यन्त्र १६७

(३८) हस्तिमद-भञ्जक तथा सम्पत्ति-वर्द्धक मन्त्र-यन्त्र १६८
(३९) सिंह-शक्ति निवारक मन्त्र-यन्त्र १६९
(४०) सर्वाग्नि-शामक मन्त्र-यन्त्र १७०
(४१) भुजङ्ग-भय नाशक मन्त्र-यन्त्र १७१
(४२) युद्ध-भय-विनाशक मन्त्र-यन्त्र १७२
(४३) सर्व शान्तिदाता मन्त्र-यन्त्र १७३
(४४) सर्वापत्ति निवारक मन्त्र-यन्त्र १७४
(४५) जलोदरादि रोग-नाशक एवं विपत्ति-निवारक मन्त्र यन्त्र १७५
(४६) बन्धन-मुक्ति दायक मन्त्र-यन्त्र १७६
(४७) अस्त्र-शस्त्रादि निरोधक मन्त्र-यन्त्र १७७
(४८) सर्वसिद्धिदायक मन्त्र-यन्त्र १७८
४. ऋषि-मण्डल यन्त्र-साधन १७९
५. स्वयम्भू स्तोत्र १८०
गौतम गणधर यन्त्र

—:०:—

० | साधन से पूर्व आवश्यक-निर्देश

किसी भी मन्त्र-यन्त्र की साधना में पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान में रखना आवश्यक है—

(१) मन्त्र सदैव गुरु-मुख से ही ग्रहण करना चाहिए। गुरु-मुख द्वारा ग्रहण किये गये मन्त्र ही फलदायक होते हैं।

(२) मन्त्र का जप अंग-शुद्धि, सकलीकरण एवं विधि-विधानपूर्वक करना उचित है। आत्मरक्षा के लिए सकलीकरण की आवश्यकता होती है।

(३) प्रत्येक तीर्थंकर की मूर्ति एक जैसी ही होती है, उनके चिह्नों के द्वारा ही उनकी अलग-अलग पहिचान की जाती है। किस तीर्थंकर का कौन-सा चिह्न है, इसका उल्लेख आगे किया गया है, अतः जब भी जिस तीर्थंकर के मन्त्र का साधन करें, उनकी विशिष्ट चिह्न युक्त मूर्ति का ही पूजन में प्रयोग करना चाहिए।

यद्यपि मन्त्र-साधना में तीर्थंकर की मूर्ति रखना आवश्यक नहीं है, तथापि उसे रखने से आत्म-रक्षा एवं मन्त्र-साधना में विशेष सहायता मिलती है।

(४) किसी भी मन्त्र अथवा यन्त्र की साधना करते समय उस पर पूर्ण श्रद्धा रखना आवश्यक है, अन्यथा वांछित फल प्राप्त नहीं होगा।

(५) मन्त्र-साधना के समय शरीर का स्वस्थ एवं पवित्र रहना आवश्यक है। चित्त शान्त हो तथा मन में किसी प्रकार की ग्लानि न रहे।

(६) मन्त्र-साधना के समय चित्त एकाग्र रहना चाहिए। वह किसी ओर को चलायमान न हो। मन्त्र का जप गुप्त रूप से करना चाहिए तथा किसी पर यह प्रकट नहीं करना चाहिए कि मैं अमुक कार्य के लिए अमुक मन्त्र की साधना कर रहा हूँ।

(७) शुद्ध, हवादार, पवित्र तथा एकान्त-स्थान में ही मन्त्र-साधना करनी चाहिए। मन्त्र-साधना की समाप्ति तक स्थान-परिवर्तन नहीं करना चाहिए।

(८) जिस मन्त्र की जैसी साधन विधि वर्णित है, उसी के अनुरूप सभी कर्म करने चाहिए। अन्यथा प्रवृत्ति करने से विघ्न-बाधाएँ उपस्थित हो सकती है तथा सिद्धि में भी सन्देह हो सकता है।

(९) मन्त्र-साधना में प्रारम्भ से अन्त तक दीपक, धूप-दान, आसन, माला, वस्त्र आदि में कोई परिवर्तन नहीं करना चाहिए।

(१०) साधना काल में, चौबीस घण्टे में केवल एक बार ही शुद्ध सात्विक भोजन करना चाहिए। पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए तथा पृथ्वी अथवा लकडी के पट्टे (तख्त आदि) पर शयन करना चाहिए।

(११) अपने पहिनने के धोती, दुपट्टा, बनियान आदि वस्त्रों को प्रतिदिन धोकर सुखा देना चाहिए।

(१२) शुद्ध घृत का दीपक सम्पूर्ण साधना-काल में निरन्तर जलते रहना चाहिए।

(१३) प्रत्येक मन्त्र की साधना किसी शुभ तिथी एवं वार में आरम्भ करनी चाहिए।

(१४) साधना-आरम्भ करने से पूर्व अपने मस्तक पर चन्दन कुंकुम का तिलक लगाना आवश्यक है।

(१५) मन्त्र-साधना से पूर्व चोटी में गांठ लगा लेना आवश्यक है।

(१६) आसन बार-बार नहीं बदलना चाहिए। एक ही आसन से बैठकर मन्त्र की साधना करनी चाहिए।

(१७) प्रतिदिन शुद्ध जल से स्नान करने के बाद ही मन्त्र-साधना में प्रवृत्त होना चाहिए।

(१८) जप की समाप्ति के बाद हवन करना चाहिए, तदुपरान्त श्रावक-श्राविकाओं को भोजन कराना चाहिए।

(१९) धूप तथा हवन-सामग्री बाजार से न खरीद कर अपने हाथ से स्वयं ही बनानी चाहिए। बाजार की सामग्री में प्राय सडी-घुनी वस्तुओं का प्रयोग किया जाता है, जिनमें छोटे-छोटे कीडे-मकोडे अथवा जीवाणु भरे रहते हैं। ऐसी बाजारू धूप अथवा हवन सामग्री के प्रयोग से जीव-हिंसा होती है, फलत शुभ के स्थान पर अशुभ-फल प्राप्त होता है।

के निर्देश हों तथा जिस रंग के पुष्पों का विधान हो, उन सबका यथावत् पालन करना चाहिए।

(२१) जप के आरम्भ तथा अन्त में भगवान् तीर्थंकर का ध्यान करना चाहिए तथा अन्त में स्तोत्र आदि का पाठ भी करना चाहिए।

(२२) भक्तामर स्तोत्र के मन्त्रों की साधना के समय भगवान् आदिनाथ तथा कल्याण मन्दिर स्तोत्र के मन्त्रों की साधना के समय भगवान् पार्श्वनाथ की मूर्ति को चौकी पर स्थापित करना चाहिए। चतुर्विंशति तीर्थंकर के मन्त्रों की साधना के समय अलग-अलग तीर्थंकरों की मूर्ति की स्थापना करना उचित है।

(२३) जिन मनोभिलाषा पूरक साधना के साथ ऋद्धि तथा मन्त्र दोनों का उल्लेख है वहाँ उन दोनों का साथ-साथ समान संख्या में जप करना आवश्यक होता है।

(२४) एक बार में एक ही मन्त्र की साधना करना उचित है। इसी प्रकार एक समय में केवल एक ही मनोभिलाषा की पूर्ति का उद्देश्य सम्मुख रहना चाहिए।

(२५) एक ही मनोभिलाषा की पूर्ति के हेतु अनेक मन्त्रों का उल्लेख किया गया है, उनमें से जिस मन्त्र पर पूर्ण श्रद्धा हो, उसी की साधना करनी चाहिए।

टिप्पणी—यदि कोई बात समझ में न आये अथवा स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो उसके लिए इस पुस्तक के लेखक को जवाबी-पत्र लिखकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

—: o —

१ चतुर्विंशति तीर्थंकर अनाहत मन्त्र-यन्त्र

एक कल्प-काल मे २४ तीर्थंकर होते हैं। उनके कल्पित-स्वरूप की जो मूर्तियां तैयार की जाती है, वे प्राय समान आकृति की होती है, परन्तु उनके बोध-चिह्न अलग-अलग होते है तथा उन चिह्नों के द्वारा ही उनकी पृथक्-पृथक् पहिचान की जाती हैं।

तीर्थंकरो के नाम तथा उनके चिह्न क्रमश. इस प्रकार है—

तीर्थंकर का नाम	बोध-चिह्न
१. श्री ऋषभनाथ	बैल
२. श्री अजितनाथ	हाथी
३. श्री सभवनाथ	घोड़ा
४ श्री अभिनन्दननाथ	बन्दर
५ श्री सुमतिनाथ	चकवा
६ श्री पद्मप्रभ	कमल
७. श्री सुपार्श्वनाथ	साथिया
८ श्री चन्द्रप्रभ	चन्द्रमा
६. श्री पुष्पदन्तनाथ	मगर
१०. श्री शीतलनाथ	कल्पवृक्ष
११. श्री श्रेयासनाथ	गेंडा
१२. श्री वासुपूज्य	भैंसा
१३ श्री विमलनाथ	शूकर
१४. श्री अनन्तनाथ	सेही
१५ श्री धर्मनाथ	वज्रदण्ड
१६ श्री शान्तिनाथ	हरिण
१७ श्री कुन्थुनाथ	बकरा
१८. श्री अरहनाथ	मछली
१६ श्री मल्लिनाथ	कलश
२० श्री मुनि सुव्रतनाथ	कछुआ
२१. श्री नमिनाथ	नीलकमल

२२ श्री नेमिनाथ — शख
२३. श्री पार्श्वनाथ — सर्प
२४ श्री महावीर — सिह

उक्त तीर्थंकरो मे से जिनके भी मन्त्र-यन्त्र का साधन करना हो, उनकी मूर्ति की बैठक पर तदनुरूप बोध-चिह्न अवश्य होना चाहिए, तभी मूर्ति सार्थक होगी। किस मन्त्र की साधना मे किस तीर्थंकर की मूर्ति को स्थापना आवश्यक है, यह प्रत्येक मन्त्र के शीर्षक पर उल्लिखित है।

मन्त्र-साधना के समय एक लकडी की चौकी पर स्वच्छ रेशमी वस्त्र बिछाकर, उसके ऊपर यन्त्र रखना चाहिए। प्रत्येक यन्त्र का स्वरूप मन्त्र के साथ ही दिया गया है। यन्त्र को स्वर्ण, चांदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवा लेना चाहिए। यन्त्र को स्थापित करने के बाद उसकी प्राण-प्रतिष्ठा करनी चाहिए। प्राण-प्रतिष्ठा की विधि इस प्रकरण के अन्त मे दी गई है। प्रत्येक मन्त्र की प्राण-प्रतिष्ठा उसी विधि से करनी चाहिए।

प्राण-प्रतिष्ठित यन्त्र के ऊपर मन्त्र से सम्बन्धित तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर उसकी पुष्प-धूप-दीप आदि से अर्चना करें, तदुपरान्त निश्चित सख्या मे मन्त्र का जप आरम्भ करे। प्रत्येक मन्त्र-जप के बाद एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जाना चाहिए। पुष्प गुलाब, वेला, चमेली आदि के सुगन्धित तथा पवित्र होने चाहिए।

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर आवश्यकतानुसार उसका प्रयोग करना चाहिए। प्रयोग-विधि आदि का प्रत्येक मन्त्र के साथ उल्लेख किया गया है।

१. श्री ऋषभनाथ तीर्थंकर

अनाहत राजा वशीकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री ऋषभनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से राजदरबार में राजा अथवा राज्याधिकारियो का वशीकरण होता है।

मन्त्र—"ॐ णमो जिणाणं च, णमो ओहि जिणाणं च, णमो परमोहि जिणाणं। णमो सव्वोहि जिणाणं। ॐ णमो अणंतोहि जिणाणं। ॐ वृषभस्स भगवदो वृषभ स्वामि, घत्त वियराणि अरिहंताणं विज्झाणं महा विज्झाणं अणमिप्पदेयिवकम्मियाणि जम्मिर्कशविस कें अनाहत विद्यायैं स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १) यन्त्र को किसी स्वर्ण अथवा चांदी के पत्र पर खुदवा लें।

फिर एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर उसके ऊपर यन्त्र को रखें तथा प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री ऋषभनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पचामृत अभिषेक से यन्त्र-पूजा कर, १००८ पुष्पो द्वारा पूर्वोक्त श्री ऋषभनाथ अनाहत मन्त्र का १००८ की सख्या मे जप करें। प्रत्येक मन्त्र जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जायं। इस प्रकार तीन दिनो तक, नित्य प्रात काल १००८ की सख्या मे पुष्प सहित मन्त्र जप करते रहे। इस प्रक्रिया से मन्त्र सिद्ध हो जाएगा। प्रत्येक यन्त्र की प्राण-प्रतिष्ठा का मन्त्र आगे लिखा गया है, वहाँ देख ले।

प्रयोग-विधि—मन्त्र सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय, राजदरबार आदि मे जाने से पूर्व १००० की सख्या मे मन्त्र का जप कर ले तो साध्य-व्यक्ति का वशीकरण होता है।



१

२. श्री अजितनाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्ववशीकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री अजितनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से राजदरबार मे अधिकारीगण तथा अन्य सब लोगो का वशीकरण होता है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अजितस्स सिज्झि धम्मे भगवदो विज्झाणं महाविज्झाण। ॐ णमो जिणाण, ॐ णमो परमोहि जिणाणं, ॐ णमो सव्वोहि जिणाण भगवदो अरहतो अजितस्स सिज्झधम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर अजिते अपराजिते पाणिपादे महाबले अनाहत विद्यायै स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्व प्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (सख्या २) के यन्त्र को किसी स्वर्ण, चाँदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवाले। फिर एक

२

लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर उसके ऊपर यन्त्र को रखें तथा प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री अजितनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र-पूजा कर, १००८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री अजितनाथ अनाहत मन्त्र का १००८ की संख्या में जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जायं। इस प्रकार किसी भी शुभ दिन में प्रातः काल केवल एक ही दिन १००८ की संख्या में जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। (यन्त्र की प्राण-प्रतिष्ठा विधि आगे दी गई है।)

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करके राजदरबार आदि में प्रवेश करने से साध्य-व्यक्ति का वशीकरण होता है।

३. श्री संभवनाथ तीर्थंकर

अनाहत कार्य-साधक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री संभवनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से वांछित कार्य की सिद्धि होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो शंभवस्स अनाहत विज्जंई सिज्झि धम्मे भगवदो महाविज्झाण महाविज्झा शंभवस्स शंभवे महा शंभवे शंभ वाणं स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या ३) के यन्त्र को किसी स्वर्ण, चांदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवालें। फिर एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उसके ऊपर यन्त्र को रखें तथा प्राण-प्रतिष्ठा करें (प्राण-प्रतिष्ठा की विधि आगे दी गई है), तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री संभवनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र-पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री संभवनाथ अनाहत मन्त्र का १०८ की संख्या में जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जायें। इस मन्त्र का जप पूर्णिमा अथवा अमावास्या के दिन ही करना चाहिए। उक्त विधि से केवल एक दिन १०८ की संख्या में जप करने से ही यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार पुष्पों सहित जप करने से इच्छित-कार्य की सिद्धि होती है।



४. श्री अभिनन्दननाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्वजन स्वाधीन मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री अभिनन्दननाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सर्वजन स्वाधीन रहते हैं।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो अभिणदणस्स सिज्झ धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर महाविज्झर अभिणन्दणे स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या ४) के यन्त्र का किसी स्वर्ण, चौकी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवाले। फिर एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर उस पर यन्त्र को रखे तथा प्राण-प्रतिष्ठा करें, तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री अभिनन्दननाथ तीर्थंकर की

मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र-पूजा कर, १०८ पुष्पो द्वारा पूर्वोक्त श्री अभिनन्दननाथ अनाहत मन्त्र का १०८ की सख्या मे जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जायें। मन्त्र का जप किसी भी शुभ दिन मे प्रातःकाल करना चाहिए। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करके पानी को अभिमन्त्रित करे। उस अभिमन्त्रित जल द्वारा मुख-प्रक्षालन करने से सर्वजन स्वाधीन रहते हैं।



४

५. श्री सुमतिनाथ तीर्थंकर

अनाहत पुरुष-वशीकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री सुमतिनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से पुरुष-वशीकरण होता है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहतो सुमतिस्स सिज्झि-धम्मे भगववो धिज्झर सुमति सामिणवानये स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या ५) के यन्त्र को किसी स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-



प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री सुमतिनाथ तीर्थंकर की मूर्ति

स्थापित कर, पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र-पूजा कर १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री सुमतिनाथ तीर्थंकर अनाहत मन्त्र का १०८ की संख्या में जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जायें। मन्त्र का जप किसी भी शुभ दिन में प्रातःकाल त्रिकरण शुद्धिपूर्वक करना चाहिए। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार त्रिकरण शुद्धिपूर्वक जप करने से साध्य-व्यक्ति वशीभूत हो जाता है तथा इच्छित कार्य की सिद्धि होती है।

६. श्री पद्मप्रभ तीर्थंकर

अनाहत लक्ष्मी-वर्द्धक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री पद्मप्रभ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से धन-सम्पत्ति की वृद्धि होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो पोमे अरहतस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर पोमें पोमे महापोमे महापोमेश्वरी स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या ६) के यन्त्र को किसी भी धातु के पत्र पर खुदवाले। फिर एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री पद्मप्रभ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र-पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री पद्मप्रभ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का तीनों संध्या काल में १०८ बार (प्रत्येक संध्या काल मे १०८ बार) जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जाँय। मन्त्र का जप किसी भी शुभ दिन में किया जा सकता है। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार तीनों संध्या-काल में जप करते रहने से धन-सम्पत्ति की वृद्धि होती है।



६

७. श्री सुपार्श्वनाथ तीर्थंकर

अनाहत वृश्चिक भय नाशक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री सुपार्श्वनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से वृश्चिक (बिच्छू) का भय दूर होता है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो सुपार्सस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर हंसे सुपासि सुमलिपासे स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या ७) के यन्त्र को किसी भी धातु के पत्र पर खुदवालें। फिर एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी

वस्त्र बिछाकर उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करे। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री सुपार्श्वनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री सुपार्श्वनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का किसी भी शुभ दिन में प्रातःकाल १०८ बार जप करे। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते जाँय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय मन्त्र का १०८ बार जप करने से वृश्चिक (बिच्छू) भय दूर हो जाता है तथा वृश्चिक-दंश का विष उतर जाता है।



८. श्री चन्द्रप्रभ तीर्थंकर

अनाहत स्त्री-पुरुष वशीकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री चन्द्रप्रभ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से अभिलषित स्त्री-पुरुष वश मे हो जाते है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो चन्दप्पहस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर चदे चदप्पहस्सपूर्व स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (सख्या ८) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवाले। फिर एक लकडी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रख कर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त मन्त्र के ऊपर श्री चन्द्रप्रभ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर,



पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, श्वेतवर्ण के १०८ पुष्पो द्वारा पूर्वोक्त श्री चन्द्रप्रभ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का, किसी भी शुभ दिन मे

प्रातःकाल १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक श्वेत पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जायें। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाएगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित-जल से मुख प्रक्षालन कर जिस साध्य स्त्री-पुरुष के समक्ष पहुंचा जायेगा, वह वशीभूत हो जायेगा।

६. श्री पुष्पदंतनाथ तीर्थंकर

अनाहत अचिन्त्यफलदायक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री पुष्पदंतनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से अचिन्त्यफल की प्राप्ति होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो पुष्पदंतस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर पुप्फे पुप्फेसरि सुरि स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या ६) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर एक लकड़ी की



६

चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री पुष्पदतनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री पुष्पदतनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का, किसी शुभ दिन में प्रातःकाल १०८ बार जप करे। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जायें। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित-जल से मुख-प्रक्षालन करने पर अचिन्त्य फल की प्राप्ति होती है।

१०. श्री शीतलनाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्वपिशाचवृत्ति भयनाशक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री शीतलनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब प्रकार की पिशाचवृत्ति का भय दूर होता है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो शीतलस्स अनाहत विज्झा विज्झारइ सिज्झ-धम्मे भगवदो महाविज्झर महाविज्झ शीयलस्स सिवो ससिस अणुगहि अणुमाणमो भगवदो नमो नमः स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १०) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री शीतलनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री शीतलनाथ तीर्थंकर के अनाहत-मन्त्र का, किसी शुभ दिन में प्रात काल १०८ बार जप करे। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जायें। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित जल द्वारा मुख प्रक्षालन करने से सब प्रकार की पिशाच-वृत्ति का भय नष्ट होता है।



१०

११. श्री श्रेयांसनाथ तीर्थंकर

अनाहत चतुष्पद-रक्षण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री श्रेयासनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब प्रकार के चतुष्पदो (चौपायो) की रक्षा होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो श्रेयास सिज्झि-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर श्रेयास करं भयंकरं स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या ११) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर किसी शुभ दिन मे प्रात काल एक लकडी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री श्रयासनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पन्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पो द्वारा पूर्वोक्त श्री श्रेयासनाथ तीथकर के अनाहत मन्त्र का

१०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जायँ। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय उक्त मन्त्र का १०८ बार जप करने से चतुष्पदों (चौपाये जानवरों) की रक्षा होती है।



१२. श्री वासुपूज्यनाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्वकार्य सिद्धि मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री वासुपूज्यनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब कार्य सिद्ध होते हैं।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो वासुपूज्य सिज्झ धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर पुज्जे महापुज्जे पुज्जायै स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १२) के यन्त्र को स्वर्ण, चांदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवाले। फिर किसी शुभ दिन में

प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री वासुपूज्यनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री वासुपूज्यनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जांय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का ध्यान करने मात्र से ही सब कार्य सिद्ध होते हैं।



१३. श्री विमलनाथ तीर्थंकर
अनाहत तुष्टि-पुष्टि दायक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री विमलनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब प्रकार की पुष्टि-तुष्टि प्राप्त होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो विमलस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर अमले विमले कमले निम्मले स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १३) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर, किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र



२३

को रखकर प्राण प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री विमलनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर,

१०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री विमलनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र को १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जांय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करने से तुष्टि और पुष्टि प्राप्त होती है।

१४. श्री अनन्तनाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्व सौख्यदायक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री अनन्तनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब प्रकार के इन्द्रियजनित सुख प्राप्त होते हैं तथा परम्परा से मोक्ष भी मिलती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो अणंत सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर अणंते अणंतणाणे अणंत केवल णणे अणंत केवल दंसणे अणु पुज्जवासणे अणंतागम केवलियं स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १४) के मन्त्र को स्वर्ण, चांदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवाले। फिर, किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री अनन्तनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर श्वेतवर्ण के १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री अनन्तनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जांय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का जप करने से सब प्रकार के इन्द्रियजनित सुख प्राप्त होते हैं तथा प्रतिदिन जप करते रहने से मोक्ष भी मिलता है।



१५. श्री धर्मनाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्ववशीकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री धर्मनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब लोगों का वशीकरण होता है।

मन्त्र—ॐ णमो भगवदो अरहदो धम्मस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर धम्मे सुधर्मेण धम्माइं वा मुहुते भंते-धम्मे अंगमे मंमेवु अपदि दम्मे स्वाहा।

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १५) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर, किसी शुभ दिन में

प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री धर्मनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री धर्मनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जाँय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित ताम्बूल (पान) जिस व्यक्ति को खिला दिया जायेगा, वह वशीभूत हो जायेगा।



१६. श्री शान्तिनाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्वशान्तिकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री शान्तिनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब उपद्रव शान्त होते है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो शान्तिस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झा महाविज्झा शान्तिहूकम्पमे स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १६) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताबे के पत्र पर खुदवाले। फिर, किसी शुभ दिन मे प्रातःकाल एक लकडी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र



१६

को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री शान्तिनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर,

१०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री शान्तिनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जांय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करने से सब प्रकार के उपद्रव शान्त होते हैं।

१७. श्री कुन्थुनाथ तीर्थंकर

अनाहत मत्कुणादि उपद्रवनाशक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री कुन्थुनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब प्रकार के वृश्चिक, मक्षिका, मत्कुण (मच्छर) आदि के उपद्रव नष्ट हो जाते हैं।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो कुन्थुस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर कुन्थु कुन्थु कं कुन्थुसे स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १७) के यन्त्र



को स्वर्ण, चांदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवावें। फिर किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री कुन्थुनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री कुन्थुनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र जप के साथ एक एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जांय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करने से बिच्छू, मधुमक्खी, मच्छर, खटमल, डांस आदि जीवों के उपद्रव नष्ट हो जाते हैं।

१८. श्री अरहनाथ तीर्थंकर

अनाहत द्यूत-विजयप्रद मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री अरहनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से द्यूत-क्रीडा (जुए) में जीत होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो अरहस्स सिज्झ-धम्मे भगवदी विज्झर महाविज्झर अरणे भय जिप्रहति स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १८) के यन्त्र को स्वर्ण, चांदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवालें। फिर किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री अरहनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री अरहनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र जप के साथ एक एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जांय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करने से द्यूत क्रीडा (जुए) आदि में जीत होती है।



१६. श्री मल्लिनाथ तीर्थंकर

अनाहत चिन्तित कार्यसिद्धिप्रद मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री मल्लिनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से चिन्तित कार्य की सिद्धि होती है।

मन्त्र—'ॐ णमो भगवदो अरहदो मल्लिस्स सिज्झ धम्मे भगवदो विज्मर महाविज्मर मल्लि मल्लि अरिपापस्स मल्लि स्वाहा।"

साधन विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या १६) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवाने। फिर, किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री मल्लिनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर,

१०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री मल्लिनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जाँय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करने से चिन्तित कार्य की सिद्धि होती है।



१९

२०. श्री मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर

अनाहत वशीकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से द्विपद तथा चतुष्पद वशीभूत होते हैं।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो मुनिसुवयस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर सुग्यिदेतहृयहे स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या २०) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवाले। फिर किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर प्राण-प्रतिष्ठा करे। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जायं। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र का स्मरण करने मात्र से ही द्विपद (मनुष्य) तथा चतुष्पद (पशु) वशीभूत हो जाते हैं।



२०

२१ श्री नमिनाथ तीर्थंकर

अनाहत सर्ववशीकरण मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री नमिनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से सब लोग वशीभूत हो जाते हैं।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो णमिस्स सिज्झ धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर णमि णमि स्वाहा।"

साधन विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या २१) के यन्त्र को स्वर्ण चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवायें। फिर, किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र



को रखकर, प्राण-प्रतिष्ठा करे। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री नमिनाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री नमिनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करे। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जाय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—इस मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित पुष्प अथवा ताम्बूल जिस व्यक्ति को दे दिया जायेगा, वह सदैव वश में बना रहेगा।

२२. श्री नेमिनाथ तीर्थंकर

अनाहत युद्ध विजयप्रद मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री नेमिनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से युद्ध में विजय प्राप्त होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो अरिट्ठ णेमिस्स सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर महाविज्झर सम्मति महारति अरति ददिरसति महति स्वाहा।"

२३. श्री पार्श्वनाथ तीर्थंकर

अनाहत आरोग्यता दायक मन्त्र-यन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री पार्श्वनाथ तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से आरोग्य लाभ होता है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो उरगकुल जासु पासु सिज्झ-धम्मे भगवदो विज्झर वुग्गं महावुग्गं से पासे संमास सनिगितोदि स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या २३) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर, किसी शुभ दिन मे प्रात.काल एक लकडी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर, प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री पार्श्व-नाथ तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की

पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री पार्श्वनाथ तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र के जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जांय। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र द्वारा पुष्प अथवा ताम्बूल अभिमन्त्रित कर, किसी रोगी व्यक्ति को देने से उसे आरोग्यता प्राप्त होती है।

२४. श्री महावीर तीर्थंकर

अनाहत युद्ध विजयप्रद यन्त्र-मन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र श्री महावीर तीर्थंकर का अनाहत मन्त्र है। इसके प्रयोग से युद्ध मे विजय प्राप्त होती है।

मन्त्र—"ॐ णमो भगवदो अरहदो महति महावीर वड्ढमाण बुद्धस्स अणाहत विज्जाइ सिज्झ धम्मं भगवदो महाविज्झ महाविज्झ वीर महावीर त्तिरिसणमविवीर जयतां अपराजिते स्वाहा।"

साधन-विधि—सर्वप्रथम आगे प्रदर्शित चित्र (संख्या २४) के यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवालें। फिर, किसी शुभ दिन में प्रातःकाल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उस पर यन्त्र को रखकर, प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर श्री-महावीर तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित कर, पञ्चामृत-अभिषेक से यन्त्र की पूजा कर, १०८ पुष्पों द्वारा पूर्वोक्त श्री महावीर तीर्थंकर के अनाहत मन्त्र का १०८ बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र के जप के साथ एक-एक पुष्प मूर्ति के समीप रखते चले जायँ। इस विधि से मन्त्र सिद्ध हो जायेगा।

प्रयोग-विधि—आवश्यकता के समय इस मन्त्र को जपने से युद्ध भूमि में युद्ध करने को आया हुआ शत्रु साधक के अधीन हो जाता है तथा शत्रु-सेना पर विजय प्राप्त होती है।



यन्त्र प्राण-प्रतिष्ठा मन्त्र

पीछे जिन चौबीस यन्त्रों का वर्णन किया गया है, उनकी प्राण-प्रतिष्ठा का मन्त्र निम्नानुसार है—

मन्त्र—"ॐ क्रौं ह्रीं असि आउसा य र ल व श ष स ह अमुष्य प्राण इह प्राण अमुष्य जीवा इहस्थिता अमुष्य यन्त्र, मन्त्र, तन्त्रस्य सर्वेन्द्रियाणि काय वाङ् मन् चक्षु श्रोत्र घ्राण प्राणं देवदत्तस्य इहैवायन्तु अहं अत्र सुखं चिरंतिष्ठंतु स्वाहा।"

आवश्यक टिप्पणी—(१) उक्त मन्त्र मे जहाँ-जहाँ 'अमुष्य' शब्द का प्रयोग हुआ है, वहाँ-वहाँ जिन तीर्थंकर का यन्त्र हो, उनके नाम का उच्चारण करना चाहिए और जहां 'देवदत्तस्य' शब्द आया है, वहाँ साधक को आवश्यकतानुसार अपने अथवा साध्य-व्यक्ति के नाम का उच्चारण करना चाहिए।

(२) यह प्राण-प्रतिष्ठा मन्त्र पूर्वोक्त २४ तीर्थंकरों के यन्त्रों की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए तो है ही, आगे वर्णित नागार्जुन यन्त्र की प्राण-प्रतिष्ठा भी इसी मन्त्र के द्वारा की जाती है।

तीर्थंकर बिम्ब (मूर्ति) के नीचे स्थापना करने का मन्त्र

२४ तीर्थंकरों की मूर्ति को स्थापित करते समय निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण करना चाहिए—

"ॐ णमो भगवदो अरिठ्ठणेमिस्स अरिठ्ठेण बंधेण बंधयामि रक्कसाणं भूयाणं खेयराणं डाइणीण चौराण साइणीणं महोरगाणं जेवकेवि दुट्ठा संभवंति तेसि सव्वेसिं मणो मुह गईदिट्ठि बंधण बंधामि धणु धणु महाधणु महाधणु ज. जः जः ठः ठ. ठः वषट् घे घे हूं फट् स्वाहा।"

—:०:—

नागार्जुन यन्त्र-विधान

नागार्जुन यन्त्र के चार स्वरूप आगे दिये गये हैं। इनमें से जिस स्वरूप को भी चाहे, उसे सोना, चांदी अथवा तांबे के पत्र पर खुदवाले। फिर किसी शुभ दिन प्रात:काल एक लकड़ी की चौकी पर रेशमी वस्त्र बिछाकर, उसके ऊपर यन्त्र को रखें तथा पूर्वोक्त विधि से यन्त्र की प्राण-प्रतिष्ठा करें। तदुपरान्त यन्त्र के ऊपर पार्श्वनाथ प्रभु की मूर्ति स्थापित करके पहले पंचामृत से अभिषेक करें, फिर अष्ट द्रव्यों से नीचे लिखे अनुसार पूजा-अर्चना करें।

सर्वप्रथम निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण करना चाहिए—

"ॐ जीवातां प्रभु जीवित आपा जीवित शिवदक्षे।

विधि—इस मन्त्र को श्रद्धापूर्वक एक लाख की संख्या में जप लेने से साधक को सर्वत्र विजय प्राप्त होती है। प्रताप में वृद्धि होती है। पराधीनता नष्ट होती है एवं सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।

ॐ ह्रीं पुष्पमालानिवेदितचरणाम्बुज अर्हते नमः ।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या २८)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो दव वज्जणाए।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्री ह्रीं क्लीं वषट् स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से द्वितीया के चन्द्र की भाँति निरन्तर यश-कीर्ति का विस्तार होता रहता है तथा सर्वत्र विजय प्राप्त होती है।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान में पीले रंग के आसन पर, दक्षिण दिशा की ओर मुँह करके बैठे तथा पीले सूत की माला लेकर २१ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम-अग्नि में चन्दन, लौंग, कपूर, इलायची एवं घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करे। यन्त्र को अपने समीप रखें।

उक्त विधि से जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—:०:—

दाहक-ज्वर नाशक एवं लोक-प्रसन्नतादायक

स्तोत्र श्लोक—त्वं नाथ जन्मजलधेर्विपराङ्मुखोऽपि
यत्तारयस्यसुमतो निजपृष्ठलग्नान्।
युक्तं हि पार्थिव निपस्य सतस्तवैव
चित्रं विभो यदसि कर्मविपाक शून्यः॥२९॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो देवाणुप्पियाणं घोरगुण बंभचारीणं।

मन्त्र—ॐ तेजोऽहं सोम सुधा हंस स्वाहा। ॐ अर्ह ह्रीं क्ष्वीं स्वाहा।

विधि—इस मन्त्र को भोजपत्र पर चन्दन से लिखकर, उसे मोमबत्ती पर लपेटें। फिर मिट्टी के कोरे घड़े में पानी भरकर, उसमें मन्त्रयुक्त मोमबत्ती को डालदें तो दाहक-ज्वर दूर हो जाता है।

ॐ ह्रीं संसार सागर तारकाय श्रीजिनाय नमः।

यन्त्र-विधान



४८

(स्तोत्र श्लोक सख्या २८)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो वेवाणुपि पाए।

मन्त्र—ॐ ह्रीं फों ह्रीं ह्रू फट् स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से सब लोग प्रसन्न होते है। जिस व्यक्ति को प्रसन्न करना हो, उसे उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित सुपारी, इलायची अथवा लौंग खिलानी चाहिए।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे लाल रग के आसन पर, पूर्वाभिमुख बैठ तथा लाल मूंगा की माला लेकर २१ दिनो तक नित्य १००० की सख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम-अग्नि मे कस्तूरी, शिलारस, अगर एव श्वेत चन्दन मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रखें।

उक्त विधि से जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकतानुसार उसे प्रयोग मे लायें।

—:०:—

शुभाशुभ ज्ञान-प्रदाता एवं जल-स्तम्भक

स्तोत्र श्लोक —विश्वेश्वरोऽपि जनपालक दुर्गतस्त्वं
किं वाऽक्षरप्रकृतिरप्यलिपिस्त्वमीश।
अज्ञानवत्यपि सदैव कथञ्चिदेव
ज्ञानं त्वयि स्फुरति विश्वविकासहेतुः ॥३०॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अपुव्वबलपदाईणं आमोसहिपत्ताणं।

मन्त्र—ॐ ह्रीं अर्हं नमो जिणाण लोगुत्तमाणं लोगनाहाणं लोगहियाणं लोगपईवाणं लोगपज्जो अगराणं मम शुभाशुभ दर्शय दर्शय ॐ ह्रीं कर्ण-पिशाचिनी मुण्डे स्वाहा।

विधि—इस मन्त्र को शयन करते समय श्रद्धापूर्वक १०८ बार जपने से कार्य का सम्भावित शुभाशुभ फल स्वप्न में ज्ञात हो जाता है।

ॐ ह्रीं अद्भुतगुणविराजितरूपाय श्रीजिनाय नमः।

मन्त्र-विधान



४६

(स्तोत्र श्लोक संख्या ३०)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो महाए।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूं प्रौं ह्रूं नमः स्वाहा।

गुण—इस यन्त्र के प्रभाव से कच्चे घड़े द्वारा कुएं से पानी भर कर निकाला जा सकता है।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे काले रंग के आसन पर पूर्वाभिमुख बैठें तथा रुद्राक्ष की माला लेकर ६० दिनो तक, नित्य ७०० की सख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि मे दशाङ्ग अथवा गुग्गुल, लोबान एवं घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रखें।

उक्त विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर आवश्यकतानुसार प्रयोग मे लायें।

—:०:—

शत्रु-उपद्रवनाशक एवं शुभाशुभ ज्ञान प्रदाता

स्तोत्र श्लोक—प्राग्भारसम्भृतनभासि रजांसि रोषा
दुत्थापितानि कमठेन शठेन यानि।
छायापि तैस्तव न नाथ हता हताशो
ग्रस्तस्त्वमीभिरयमेव परं दुरात्मा ॥३१॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो इट्ठुविण्णत्तिदावयाण खेलो सहिपत्ताणं।

मन्त्र—ॐ ह्रीं पार्श्वयक्ष दिव्य रूपाय महाघ वर्ण एहि एहि आं क्रों ह्रीं नमः।

विधि—इस मन्त्र का श्रद्धापूर्वक जप करने से दुष्ट शत्रु पराजित होता है तथा उपद्रव शान्त होते है।

ॐ ह्रीं रजोवृष्टपक्षोभ्याय श्रीजिनाय नमः।

यन्त्र-विधान

(स्तोत्र श्लोक संख्या ३१)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो घी आवण पत्ताए।

मन्त्र—ॐ नमो भगवति चक्रधारिणि भ्रामय भ्रामय मम शुभाशुभं दर्शय दर्शय स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से शुभाशुभ प्रश्न का फल ज्ञात होता है।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे श्वेत रग के आसन पर पूर्वाभिमुख बैठें तथा मर्कद सूत की माला लेकर १४ दिनो तक नित्य १००० की सख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि मे चन्दन, छार-छबीला तथा अगर मिश्रित धूप का निक्षेप करे। १५वें दिन घृत, अगर तथा पीली सरसों से हवन करने के बाद मिष्टान्न वितरण करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खें।

उक्त विधि से जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—:०:—

निद्राकारक एव सांघातिक विद्या-भयनाशक

स्तोत्र श्लोक—यद्गर्जदूर्जितघनौघमदभ्रभीम
भ्रश्यत्तडिन्मुसल मासलघोर धारम्।
दैत्येनमुक्तमथ दुस्तरवारि दध्रे
तेनैव तस्य जिन दुस्तरवारिकृत्यम् ॥३२॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठमवणासयाण जल्लोसहिपत्ताण।

मन्त्र—ॐ भ्रम भ्रम केशि भ्रम केशि भ्रम माते भ्रम माते भ्रम विभ्रम विभ्रम मुह्य मुह्य मोहय मोहय स्वाहा।

विधि—इस मन्त्र को जपते हुए, पृथ्वी पर न गिरे हुए सरसो के दानो को अभिमन्त्रित कर, जिस घर की चौखट पर डाल दिया जाता है उस घर के लोग गहरी निद्रा मे मग्न हो जाते है।

ॐ ह्रीं कमठदैत्यमुक्तवारिधाराक्षोभ्याय श्रीजिनाय नमः।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक सख्या ३२)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठमद णासए।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते मम शत्रून् बंधय बंधय ताडय ताडय उन्मूलय उन्मूलय छिंद छिंद भिंद भिंद स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से शत्रु की मायाघातिक शस्त्रादि विद्या का प्रभाव नष्ट होता है और वह निर्बल होकर अपनी दुष्टता को छोड देता है।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में काले रंग के आसन पर, नैर्ऋत्यकोण की ओर मुंह करके बैठे तथा पद्मबीज (कमलगट्टा) की माला लेकर, २७ दिनों तक, नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम अग्नि में गुग्गुल, तगर, नागरमोथा तथा घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करे। यन्त्र को अपने समीप ही रखें।

उक्त विधि से जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—: ० :—

भूतप्रेतादि भय-नाशक एवं दुर्भिक्ष निवारक

स्तोत्र श्लोक—ध्वस्तोर्ध्वकेशविकृताकृति मर्त्यमुण्ड-
प्रालम्बभृद्भयदवक्त्र विनिर्यदग्निः।
प्रेतव्रजः प्रति भवन्तमपीरितो यः
सोऽस्याभवत्प्रतिभव भवदुःख हेतुः ॥३३॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरुणिपातादिवारयाणं सव्वोसहिपत्ताणं।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं द्रां द्रीं द्रूं द्रः क्लो क्लीं कलिकुण्ड पासनाह ॐ चुरु चुरु मुरु मुरु कुरु कुरु फर फर फिलि फिलि कल कल धम धम ध्यानाग्निना भस्मी कुरु कुरु पुरय पुरय प्रणतानां हितं कुरु कुरु हु फट् स्वाहा।

विधि—इस मन्त्र का श्रद्धापूर्वक जप करने से राजभय, भूत-पिशाच भय, डाकिनी-शाकिनी भय एवं हस्ती, सिंह, सर्प, वृश्चिक आदि का भय नष्ट होता है।

ॐ ह्रीं कमठदैत्य प्रेषित भूतपिशाचाद्यक्षोभ्याय श्रीजिनाय नमः।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या ३३)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो जविलाए खित्ताए ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं धूपभावित्तीपंङ्कुरेभ्यो नमः स्वाहा ।

अथवा

ऋ असि असु पसु पपु शीश्रे वावि अधशाकुं अममुन्ने पाम ।

गुण—इसके प्रभाव से अतिवृष्टि, अनावृष्टि, उल्कापात एवं टिड्डी दल आदि उत्पातों से सम्भावित दुर्भिक्ष दूर होकर, प्रजा की रक्षा होती है तथा सुभिक्ष होता है ।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में गेरुए रंग के आसन पर, वायव्य कोण की ओर मुँह करके बैठें तथा रुद्राक्ष की माला लेकर ७ दिनों तक, नित्य १००० बार ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि में कपूर, चन्दन, गिरी, इलायची एवं घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रखें ।

उक्त विधि से मन्त्र जब सिद्ध हो जाय, तब उसे आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें ।

—:०:—

धन-अन्न प्रदायक एवं भूतादि पीड़ा नाशक

स्तोत्र श्लोक– धन्यास्त एव भुवनाधिप ये त्रिसन्ध्य
मारधयन्ति विधिवद्विधुतान्य कृत्याः।
भक्त्योल्ल सत्पुलकपक्ष्मल देह देशाः
पादद्वय तव विभो भुवि जन्म भाजः ॥३४॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो भूतावाहायहारयाणं विट्ठोसहिपत्ताणं।

मन्त्र—ॐ नमो अरिहंताणं, ॐ नमो भगवइ महाविज्जाए सत्तट्ठाए मोर हुलु हुलु चुलु चलु मयूरवाहिनीए स्वाहा।

विधि—पौष कृष्णा दशमी (गुजराती-मगसिर कृष्णादशमी) के दिन निराहार रहकर इस मन्त्र का श्रद्धापूर्वक १००८ बार जप करें। तदुपरान्त आवश्यकतानुसार परदेश-यात्रा, व्यवसाय अथवा लेन-देन के समय इस मन्त्र का सात बार स्मरण (जप) करने से लक्ष्मी तथा अन्न का लाभ होता है।

ॐ ह्रीं त्रिकालपूजनीयाय श्रीजिनाय नमः।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या ३४)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो उग्गि अस्सायतक्खणणं ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं नमो भगवते भूतपिशाचराक्षस वेतालान् ताड्य ताड्य मारय मारय स्वाहा ।

गुण—इससे भूत, पिशाच, राक्षस, डाकिनी, शाकिनी आदि की पीडा तथा शत्रु-भय आदि नष्ट होते है ।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान मे काले रग के आसन पर वायव्य कोण की ओर मुँह करके बैठें तथा बिच्छूकाँटा के फलो की माला लेकर २१ दिनो तक नित्य २१ बार ऋद्धि-मन्त्र का जप करते हुए इसी मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित सरसो के दानो को पानी मे डालें तथा निर्धूम-अग्नि मे गुग्गुल, सरसो, लालमिर्च एव घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खे ।

उक्त विधि से जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकतानुसार प्रयोग मे लायें ।

—:०:—

संकट-निवारक एवं अपस्मारादि दोष नाशकः

स्तोत्र श्लोक—अस्मिन्नपारभववारि निधौ मुनीश
मन्ये न मे श्रवणगोचरतां गतोऽसि ।
आकर्णिते तु तव गोत्र पवित्र मन्त्रे
किं वा विपद्विषधरी सविधं समेति ।।३५।।

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो मिगोरो अवारयाणं मणवलीणं ।

मन्त्र—ॐ नमो अरिहताणं ह्म्ल्व्यूं नमः, ॐ नमो सिद्धाण ह्म्ल्व्यूं नमः, ॐ नमो आयरियाणं स्म्ल्व्यूं नमः, ॐ नमो उवज्झायाण ह्म्ल्व्यूं नमः ॐ नमो लोए सव्वसाहूणं छ्म्ल्व्यूं नमः, अमुकस्य सकटमोक्ष कुरु कुरु स्वाहा ।

टिप्पणी—उक्त मन्त्र मे जहाँ 'अमुकस्य' शब्द आया है, वहाँ साध्य-व्यक्ति के नाम का उच्चारण करना चाहिए ।

विधि—इस मन्त्र को एक सुन्दर चौकी के ऊपर लिखकर, उसके ऊपर श्री पार्श्वनाथ स्वामी की प्रतिमा को स्थापित करें, तदुपरान्त चमेली के पुष्पो को चौकी पर चढाते हुए इस मन्त्र का ५०० बार जप करें। प्रत्येक मन्त्र-जप के साथ एक पुष्प चौकी पर प्रतिमा के समीप चढाते जाँय। मन्त्र जप खडे होकर करना चाहिए। इस मन्त्र से सब सकट दूर होते हैं तथा सर्वत्र विजय प्राप्त होती है ।

ॐ ह्रीं आपन्निवारकाय श्रीजिनाय नमः ।

यन्त्र-विधान

-६४

(स्तोत्र श्लोक सख्या ३५)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो मिज्जलिज्जणासए।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते मृग्युन्मदापस्मारादि रोग शांति कुरु कुरु स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से मृगी, उन्माद, अपस्मार तथा पागलपन आदि असाध्य रोग शान्त होते है।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान मे केले के पत्ते के आसन पर, नैऋंत्य कोण की ओर मुंह करके बैठे तथा चन्दन की माला लेकर २१ दिनो तक नित्य ७०० की सख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम-अग्नि मे लोबान एव घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करे। यन्त्र को अपने समीप रक्खे।

उक्त विधि से जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकतानुसार प्रयोग मे लावे।

— ० —

वशीकरण-कारक एवं सर्प-कीलक

स्तोत्र श्लोक—जन्मान्तरेऽपि तव पादयुग न देव
मन्ये मया महित मीहित दान वक्षम् ।
तेनेह जन्मनि मुनीश पराभवाना
जातो निकेतनमह मथिताशयानाम् ॥३६॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो वालवसीय रणकुसलाण वचणबलीण ।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते चन्द्र प्रभाय चन्द्रेन्द्रसहिताय नयनमनोहराय ॐ चुलु चुलु गुलु गुलु नीलभ्रमरि नीलभ्रमरि मनोहर सर्वजन वश्य कुरु कुरु स्वाहा ।

विधि—दीपावली के दिन पीले रंग की गाय के दूध से निर्मित शुद्ध घृत का दीपक जलाकर, उससे नवीन मिट्टी के बर्तन में काजल पारें। आवश्यकता के समय उक्त काजल को अपनी आँख में लगाकर जिस साध्य व्यक्ति के सम्मुख पहुंचा जाएगा, वह वशीभूत हो जाएगा।

ॐ ह्रीं सर्वपराभवहरणाय श्रीजिनाय नमः ।

यन्त्र-विधान

(स्तोत्र श्लोक संख्या ३६)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो प्रां हुं फट् विषकाए।

मन्त्र—ॐ ह्रीं अष्टमहानाग कुल विष शान्तिकारिण्यैः नमः।

गुण—इस मन्त्र से अभिमन्त्रित ककड़ियो को सर्प के ऊपर फेंकने से वह कीलित हो जाता है। इसे पढकर काले सर्प को पकड़ने से वह काटता नही है तथा उसके विष का प्रभाव भी नही होता है।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान में हरे रग के आसन पर, ईशान कोण की ओर मुँह करके बैठें तथा सन (पाट) की माला लेकर ७ दिनों तक नित्य १००० की संख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि मे गुग्गुल एव कुन्दरू मिश्रित धूप का निक्षेप करें। मन्त्र को अपने समीप रखे।

उक्त विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर आवश्यकतानुसार प्रयोग मे लाये।

—:०:—

भूतग्रहादि निवारक एवं सम्मान-प्रदायक

स्तोत्र श्लोक—नूनं न मोहतिमिरावृत लोचनेन
पूर्वं विभो सकृदपि प्रविलोकितोऽसि।
मर्माविधो विधुरयन्ति हि मामनर्थाः
प्रोद्यत्प्रबन्धगतयः कथमन्यथैते ॥३७॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वराज पयावसोयरण कुसलाण काय-बलीणं।

मन्त्र—ॐ अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं श्रावय श्रावय सं सं क्लीं क्लीं ह्लूं ह्लूं ल्लूं ब्लूं ह्रां ह्रां द्रां द्रीं ह्रौं ह्रौं द्रावय द्रावय ह्रीं स्वाहा।

विधि—इस मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित जल का आचमन करने से भूत, ग्रह तथा शाकिनी आदि के उपद्रव शान्त होते है।

ॐ ह्रीं सर्वमसर्वा नथमयनाय श्रीजिनाय नमः।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या ३७)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो खो मि ह्रीं खोमिए।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते सर्वराजाप्रजावश्य कारिणे नमः स्वाहा।

गुण—यन्त्र को अपने पास रक्खें तथा मन्त्र से ७ कवाड़ो को अभि-मन्त्रित कर, क्षीरवृक्ष के नीचे पहुँच कर उन्हे ऊपर की ओर उछाल कर अधर मे ही लपक ले, तदुपरान्त उन्हे नगर के चौगहे पर डाल दें तो राजा मे मिलाप एव श्रेष्ठ पुरुषो से सम्मान प्राप्त होता है।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान मे लाल रग के आसन पर, पूर्वाभिमुख बैठ तथा २१ दिनो तक नित्य १०८ बार ऋद्धि-मन्त्र का कनेर के फूलों के साथ जप करे अर्थात् १०८ कनेर के फलो के साथ १०८ बार ऋद्धि-मन्त्र जपे तथा निर्धूम-अग्नि मे लोग, कुन्दरू, चन्दन और घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खे।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर उसे आवश्यकतानुसार प्रयोग मे लायें।

—:०:—

अभीप्सित कार्य-साधक एवं नहरू आदि रोग-नाशक

स्तोत्र श्लोक—आकर्णितोऽपि महितोऽपि निरीक्षितोऽपि
नूनं न चेतसि मया विधृतोऽसिभक्त्या
जातोऽस्मितेन जनबान्धव दुःखपात्रं
यस्मात्क्रियाः प्रतिफलन्ति न भावशून्याः ॥३८॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो दुस्सहकदुणिवारयाणं खीरसवीणं ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं ऐं अर्हं क्लीं क्रौं ब्लें भ्रौं ग्लूं नमिऊण पासना दुःखारिविजयं कुरु कुरु स्वाहा ।

विधि—इस मन्त्र का श्रद्धापूर्वक सवा लाख की संख्या में जप करने से अभिलषित कार्यों की सिद्धि होती है ।

ॐ ह्रीं सर्वदुःख हराय श्रीजिनाय नमः ।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या ३८)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो इट्ठि मिट्ठि भक्खं कराए।

मन्त्र—ॐ जानवाग्हारवापहारिण्यै भगवत्यै खड्गारीदेव्यै नमः स्वाहा।

गुण—इस मन्त्र से होली की राख को २१ बार अभिमन्त्रित कर उसके द्वारा नहरुवा, जनेवा, उदर तथा हृदय-पीड़ा के रोगी को, जब तक रोग दूर न हो, तब तक प्रतिदिन झाड़ा देते रहने से उक्त बीमारियाँ दूर होती हैं।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान में श्वेत रंग के आसन पर पूर्वाभिमुख बैठें तथा श्वेत काष्ठ (सफेद लकड़ी) की माला लेकर १४ दिनों तक, नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि में लौंग, कुन्दरू, चन्दन तथा घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खें।

उक्त विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—:०:—

आकर्षण कारक एवं ज्वरादि नाशक

स्तोत्र श्लोक—त्वं नाथ दुःखिजनवत्सल हे शरण्य
कारुण्यपुण्यवसते वशिनां वरेण्य
भक्त्यानते मयि महेश दयां विधाय
दुःखांकुरोद्दलनतत्परतां विधेहि ॥३९॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वजरसंतिकरणं सप्पिसवीणं।

मन्त्र—म्म्ल्व्र्यूं क्लीं जये विजये जयंते अपराजिते जम्ल्व्र्यूं जंभे, म्म्ल्व्र्यूं मोहे, म्म्ल्व्र्यूं स्तम्भे, ह्म्ल्व्र्यूं स्तम्भिनि अमुकं मोहय मोहय मम वश्यं कुरु कुरु स्वाहा।

टिप्पणी—उक्त मन्त्र में जहाँ 'अमुक' शब्द आया है, वहाँ साध्य-व्यक्ति के नाम का उच्चारण करना चाहिए।

विधि—इस मन्त्र के जप से स्त्री-पुरुष में परस्पर आकर्षण होता है। स्त्री जपे तो पुरुष वश में होता है और पुरुष जपे तो स्त्री वश में होती है।

ॐ ह्रीं जगज्जीववत्सलाय श्रीजिनाय नमः।



६८

(स्तोत्र श्लोक संख्या ३९)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो सत्ता चरिएगणिज्जं।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते अमुकस्य सर्वज्वर शांति कुरु कुरु स्वाहा।

टिप्पणी—उक्त मन्त्र में जहाँ 'अमुकस्य' शब्द आया है, वहाँ रोगी व्यक्ति के नाम का उच्चारण करना चाहिए।

गुण—इस मन्त्र को भोजपत्र पर लिख कर तथा धूप देकर, रोगी व्यक्ति के कण्ठ में बाँध देना चाहिए। इसके प्रभाव से सब प्रकार के ज्वर तथा सन्निपात दूर होते हैं।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान में हरे रंग के आसन पर ईशान कोण की ओर मुँह करके बैठें तथा कमल की माला लेकर, ७ दिनों तक नित्य १००८ बार ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि में गुग्गुल, गिरी एवं घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करें। मन्त्र को अपने समीप रखें।

उक्त विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर उसे आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—:०:—

विषम-ज्वरादि नाशक

स्तोत्र-श्लोक—निः सत्त्वसारशरणं शरणं शरण्य
मासाद्य सादितरिपु प्रथितावदातम् ।
त्वत्पादपङ्कजमपि प्रणिधानवन्ध्यो
वन्ध्योऽस्मि तद्भुवनपावन हा हतोऽस्मि ॥४०॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो उण्हसीयवाहविणासयाणं मधुसवीणं ।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते झ्ल्व्यूँ नमः स्वाहा ।

विधि—इस मन्त्र का श्रद्धापूर्वक जप करने से सब प्रकार के विषम-ज्वर दूर होते हैं ।

ॐ ह्रीं सर्वशान्तिकराय श्रीजिनाय चरणाम्बुजाय: नमः ।

यन्त्र-विधान



६६

(स्तोत्र श्लोक संख्या ४०)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो उण्ह सीय णासए।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते झ्व्यूं नमः स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से इकतरा, तिजारी, चौथैया आदि विषम-ज्वर दूर होते हैं।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे हरे रंग के आसन पर, ईशान कोण की ओर मुंह करके बैठें तथा रुद्राक्ष की माला लेकर १४ दिनों तक नित्य १००० की संख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम अग्नि में गिरी एवं गुग्गुल मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खें।

उक्त विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—:०:—

अस्त्र-शस्त्रादि स्तम्भक

स्तोत्र-श्लोक—देवेन्द्रवन्द्य विदिताखिलवस्तु सार
संसारतारक विभो भुवनाधिनाथ
त्रायस्व देवकरुणाह्रद मां पुनीहि
सीदन्तमद्य भयदव्यसनाम्बुराशेः ॥४१॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो पप्पलाहकारचाणं अमइसयीणं।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं क्लूं नमः स्वाहा।

विधि—इस मन्त्र का श्रद्धापूर्वक जप करने से शत्रु के अस्त्र-शस्त्रादि कुण्ठित हो जाते हैं।

ॐ ह्रीं जगन्नायकाय श्रीजिनाय नमः।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या ४१)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो बप्पला हप्पए।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते संभर्यारि नमो ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं ब्लूं नमः।

गुण—इस मन्त्र के प्रभाव से तीर, तलवार, भाला आदि अस्त्र-शस्त्र साधक को घायल नहीं कर पाते।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में काले रंग के आसन पर, पूर्वाभिमुख बैठें तथा काले सूत की माला लेकर २१ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें एवं निर्धूम अग्नि में नमक, मिर्च, गुग्गुल तथा घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खें।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर उसे आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—: ० :—

स्त्री-रोग नाशक

स्तोत्र श्लोक—यद्यस्ति नाथ भवदङ्घ्रि सरोरुहाणा,
भक्तेः फलंकिमपि सन्ततसञ्चितायाः ।
तन्मे त्वदेकशरणस्य शरण्य भूयाः
स्वामी त्वमेव भुवनेऽत्र भवान्तरेऽपि ॥४२॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो इत्थिरत्तरो अणासयाणं अक्खीणमहाणसाण ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं असिआउसा भूर्भुवः स्वः चक्रेश्वरी देवी सर्वरोग भिद भिद ऋद्धि वृद्धि कुरु कुरु स्वाहा ।

विधि—इस मन्त्र का नित्य १०८ बार श्रद्धापूर्वक जप करने से स्त्रियों से सम्बन्धित समस्त कठिन रोग दूर होते हैं तथा समस्त सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ।

ॐ ह्रीं अशरणशरण्याय श्रीजिनाय नमः ।

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या ४२)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो इत्थि रत्त रोअणाराए।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते स्त्री प्रसूत रोगादि शान्ति कुरु कुरु स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से स्त्रियों का प्रदर रोग दूर होता है, रक्तस्राव रुक जाता है तथा गर्भ का स्तम्भन होता है।

साधन-विधि—किसी एकान्त-स्थान में चित्र-विचित्र (रंग-बिरंगी लुंगी) आसन पर, उत्तर दिशा की ओर मुँह करके बैठे तथा कदली फल (केला के फल) की माला लेकर, २१ दिनों तक नित्य १०८ की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम अग्नि में लौंग, कपूर, चन्दन, इलायची, शिलारस एवं घृत मिश्रित धूप का निक्षेप करे। यन्त्र को अपने समीप रक्खे तथा पद्मावती देवी की मूर्ति का कुसुंभी रंग के वस्त्राभूषणों से शृङ्गार करे।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर उसे आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—: ० :—

भय-नाशक एवं बन्धन-मोक्ष कारक

स्तोत्र-श्लोक—इत्थं समाहितधियो विधिवज्जिनेन्द्र
सान्द्रोल्लसत्पुलक कञ्चुकिताङ्ग भागाः।
त्वद्बिम्बनिर्मलमुखाम्बुजबद्धलक्ष्याः
ये संस्तवं तव विभो रचयन्ति भव्या ॥४३॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो वंदिमोअवाणं सव्वसिद्धाय दणाणं।

मन्त्र—ॐ नमो भगवति हिडिम्बवासिनि अल्ललल्लमांसप्पियेन हयलमंडलपइट्ठिए तुह रणमत्ते पहरणदुट्ठे आयासमंडि पायालमंडि सिद्धमंडि जोइणिमंडि सव्वमुहमंडि कज्जलपडउ स्वाहा।

विधि—कृष्णपक्ष की अष्टमी को ईशान दिशा की ओर मुँह करके इस मन्त्र का जप करें तथा काले धतूरे के बीजों के तेल का दीपक जलाकर, उससे नारियल के खोपरे में काजल पारें। उस काजल द्वारा कपाल पर त्रिशूल का चिह्न बनाने तथा उसे नेत्रों में आँजने से सब प्रकार के भय दूर होते हैं तथा चित्त की उद्विग्नता शान्त होती है।

ॐ ह्रीं चित्त समाधि सुसेवितांय श्रीजिनाय नमः।

मन्त्र-विधान

७४

(स्तोत्र श्लोक संख्या ४३)

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो बंधि मोअ गाए।

मन्त्र—ॐ नमो सिद्ध महासिद्ध जगत् सिद्ध त्रैलोक्य सिद्ध सहिताय कारागार बंधन मम रोगं छिन्द छिन्द, स्तम्भय स्तम्भय जृंभय जृंभय मनोवांछित सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा।

गुण—इसके प्रभाव से बन्दी बन्धन-मुक्त हो जाता है, रोग शान्त होता है तथा अभीष्ट कार्य सिद्ध होते है।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे काले कम्बल के आसन पर, आग्नेय कोण की ओर मुंह करके बैठे तथा काले रग के सूत की माला लेकर १४ दिनो तक नित्य १००० की सख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करे एवं निर्धूम-अग्नि मे चन्दन, गुग्गुल तथा लालमिर्चं मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रखें।

उक्त विधि मे जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब उसे आवश्यकतानुसार प्रयोग मे लायें।

—.०.—

रोग-शत्रु नाशक एवं व्यापार-वर्द्धक

स्तोत्र श्लोक—जननयनकुमुदचन्द्र प्रभास्वराः
स्वर्ग सम्पदो भुक्त्वा ।
ते विगलितमलनिचया
अचिरान्मोक्षं प्रपद्यन्ते ॥४४॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अवक्खयसुहवायगस्स बहुमा॰

मन्त्र—ॐ नट्ठट्ठमयट्ठाणे पणट्ठकम्मट्ठनट्ठसंसारे ।
परमट्ठनिट्ठिअट्ठे अट्ठगुणाधीसरं वंदे ॥

विधि—राई, नमक, नीम के पत्ते, कडवी तूमडी गुग्गुल—इन पांचों वस्तुओं को एकत्र कर उक्त मन्त्र से अ फिर पिछले प्रहर में नित्य ३०० बार हवन करने से रोग, का नाश होता है। जब तक कार्य सिद्ध न हो, तब तक ह चाहिए।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय श्रीजिनाय नमः

यन्त्र-विधान



(स्तोत्र श्लोक संख्या ४०

ऋद्धि—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः।

मन्त्र—ॐ नमो धरणेन्द्र पद्मावतीसहिताय श्रीं क्लीं ऐं अर्हं नमः स्वाहा।

गुण—इससे व्यवसाय में लाभ तथा धन की प्राप्ति होती है।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में लाल रंग के आसन पर, पूर्वाभिमुख बैठें तथा मूंग की माला लेकर ४० दिना तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि में चन्दन, कस्तूरी, शिलारस एवं कपूर मिश्रित धूप का निक्षेप करें। मन्त्र-जप की सम्पूर्ण अवधि में एकाशन तथा भूमि-शयन करें तथा यन्त्र को अपने समीप रक्खें।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर, उसे आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायें।

—•—

३ श्रीभक्तामर स्तोत्र मन्त्र-यन्त्र-साधन

आवश्यक-ज्ञातव्य

श्रीभक्तामर स्तोत्र दिगम्बर तथा श्वेताम्बर—दोनों जैन-सम्प्रदायों मे समान रूप से मान्यता एव प्रतिष्ठा प्राप्त है। इसके रचयिता श्री मानतुङ्ग आचार्य हैं, जिनका स्थिति-काल राजा भोज के समय का माना जाता है।

विभिन्न कामनाओं की पूर्ति हेतु इस स्तोत्र को विभिन्न ऋद्धि तथा मन्त्रो के साथ प्रयोग मे लाया जाता है। इस स्तोत्र के मन्त्र-साधन तथा यन्त्र-साधन की विधियाँ 'कल्याण मन्दिर स्तोत्र' की भाति पृथक्-पृथक् न होकर एक ही है अर्थात् मन्त्र-यन्त्र साधना से पूर्व एक बार सम्पूर्ण स्तोत्र का श्रद्धा सहित पाठ करें, तदुपरान्त जिस कार्य विशेष के लिए मन्त्र-साधना करनी हो, उससे सम्बन्धित स्तोत्र-श्लोक को एक मोटे कागज पर बड़े-बड़े अक्षरो मे लिखकर साधनास्थली मे रखें, तदुपरान्त उसके यन्त्र को स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे के पत्र पर खुदवाकर अपने समीप रखें, फिर 'साधन-विधि' के अनुसार ऋद्धि तथा मन्त्र का निश्चित सख्या मे जप करें।

इस स्तोत्र की मन्त्र-यन्त्र साधना के समय भगवान् आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा को सम्मुख रखने से आत्म-रक्षा होती है। यों, प्रतिमा को सम्मुख रखना आवश्यक नही माना गया है।

इस स्तोत्र के जिन ऋद्धि-मन्त्रो के साथ जप-सख्या का उल्लेख नही है, उन्हे २१ दिन तक नित्य १००० की सख्या मे जप कर सिद्ध कर लेना चाहिए। पूर्वाभिमुख, पवित्र आसन पर बैठना तथा सफेद सूत की माला पर जप करना चाहिए।

— ० —

सर्वविघ्न विनाशक

श्लोक—भक्तामर प्रणत मौलि मणि प्रभाणा-
मुद्योतकं दलित पापतमो वितानम्।
सम्यक् प्रणम्य जिनपाद युगं युगादा-
वालम्बनं भवजले पततां जनानाम् ॥१॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हणमो अरिहंताणं णमो जिणाणं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आउसा अप्रति चक्रे फट् विचक्राय झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं श्रीं क्लीं ब्लूं क्रौं ॐ ह्रीं नमः स्वाहा।

साधन-विधि—पवित्रता पूर्वक नित्य १०८ बार ऋद्धि-मन्त्र का जप करने तथा यन्त्र को अपने पास रखने से सब प्रकार के विघ्न तथा उपद्रव दूर होते है।

मस्तक-पीड़ा नाशक

श्लोक—यः संस्तुतः सकलवाङ्मयतत्त्वबोधा
दुद्भूत बुद्धि पटुभिः सुरलोक नाथैः ।
स्तोत्रैर्जगत्त्रितय चित्त हरैरुदारैः
स्तोष्ये किलाहमपि तं प्रथमं जिनेन्द्रम् ॥२॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो ॐ ह्रीं जिणाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूं नमः सकलार्थ सिद्धीणं ।



साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में काले वस्त्र धारण कर, काले आसन पर पूर्वाभिमुख हो दण्डासन से बैठे तथा काली माला हाथ में लेकर २१ दिनों तक नित्य १०८ बार अथवा ७ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करने से शत्रु नष्ट होते हैं तथा सिर-दर्द दूर होता है। मन्त्र साधन-काल में नित्य हवन करना चाहिए तथा दिन में एक बार भोजन करना चाहिए। यन्त्र पास में रखने से शत्रु की दृष्टि बन्द (नजर-बन्द) होती है।

—.०.—

सर्व-सिद्धि दायक

श्लोक—बुद्धया विनाऽपि विबुधार्चितपाद पीठ
स्तोतुं समुद्यतमतिर्विगतत्रपोऽहम् ।
बालं विहाय जलसंस्थितमिन्दुबिम्ब-
मन्यः क इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम् ॥३॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हंणमो परमोहि जिणाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सिद्धेभ्यो बुद्धेभ्य सर्वसिद्धि दायकेभ्यो नमः स्वाहा ।

ॐ नमो भगवते परमतत्वार्थं भव कार्यसिद्धिः ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रः अस्वरूपाय नमः ।

अभिमन्त्रित पानी के छींटे मुँह पर देने से सब प्रसन्न होते हैं तथा यन्त्र को पास रखने से शत्रु की नजर बन्द होती है।

—: ० :—

जल-जन्तु भय-मोचक

श्लोक—वक्तुं गुणान् गुण-समुद्र शशाङ्ककान्तान्
कस्ते क्षमः सुरगुरु प्रतिमो ऽपि बुद्धया।
कल्पान्त काल पवनोद्धत नक्र चक्रं
को वा तरीतुमलमम्बुनिधिं भुजाभ्याम् ॥४॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हणमो सव्वोहि जिणाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।
मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं जलयात्रा जलदेवताभ्यो नमः स्वाहा।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे बैठकर, सफेद माला लेकर ७ दिनो तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा यन्त्र को समीप रखकर 'ॐ जल देवताभ्यो नमः स्वाहा' इस मन्त्र द्वारा सात-सात बार एक-एक कंकडी को अभिमन्त्रित करने के बाद ऐसी २१ कंकडियो को पानी में डाल देने से उस जलाशय में मछलियां आदि जल-जीव नहीं

जाते। मन्त्र-जप के समय श्वेत पुष्प चढाने चाहिए। पृथ्वी पर शयन तथा एक बार भोजन करना चाहिए।

—:०:—

नेत्र-रोग-हारक

श्लोक—सोऽहं तथापि तव भक्तिवशान्मुनीश
कर्तुं स्तवं विगतशक्तिरपि प्रवृत्तः।
प्रीत्याऽऽत्मवीर्यमविचार्य मृगी मृगेन्द्रं,
नाभ्येति किं निजशिशोः परिपालनार्थम् ॥५॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अणंतोहि जिणाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं क्रौं सर्वसंकट निवारणभ्यः सुपार्श्व यक्षेभ्यो नमो नमः स्वाहा।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में पीले वस्त्र पहिन कर तथा पीले आसन पर बैठकर ७ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा पीले रंग के पुष्प चढ़ायें एवं निर्धूम-अग्नि में कुन्दरू मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को समीप रक्खें।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय जिस

व्यक्ति की आँख दुखती हो उस दिन भर भूखा रखकर सायंकाल २१ बताशों को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, तथा बताशों को पानी में घोल कर रोगी व्यक्ति को पिलावें तथा मन्त्र से अभिमन्त्रित जल के छींटे उसकी आँखों पर मारें। इससे दुखती हुई आँख ठीक हो जाती है। इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल को कुए अथवा जलाशय के पानी में डाल देने से उसमें लाल रंग के कीड़े नहीं पड़ते। यदि पड़ गये हों तो नष्ट हो जाते हैं। साधन-काल में यन्त्र को अपने समीप रखना चाहिए।

— ० —

विद्या-प्रसारक

श्लोक—अल्पश्रुतं श्रुतवतां परिहास धाम
त्वद्भक्तिरेव मुखरीकुरुते बलान्माम्।
यत्कोकिल: किल मधौ मधुरं विरौति
तच्चाम्रचारुकलिका निकरैकहेतु: ॥६॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो कुट्ठ बुद्धीणं झ्रौं झ्रौं नम: स्वाहा।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रां श्रीं श्रूं श्र: हंस: थ: थ: थ: ठ: ठ: सरस्वती विद्या-प्रसादं कुरु कुरु स्वाहा।

७८

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे लाल रग के आसन पर, लाल वस्त्र पहिनकर बैठे तथा २१ दिनो तक नित्य १००० की सख्या मे मन्त्र का जप करे। यन्त्र को समीप रक्खे। पूजा के लिए लाल रग के पुष्प हो तथा कुन्दरू मिश्रित धूप का निर्धूम-अग्नि मे निक्षेप करें। साधना-काल मे पृथ्वी पर शयन करे तथा केवल एक समय ही भोजन करे।

—: o :—

क्षुद्रोपद्रव-निवारक

श्लोक—त्वत्संस्तवेन भव सन्तति सन्निबद्धं
पापं क्षणात् क्षयमुपैति शरीरभाजाम्।
आक्रान्त लोक मलिनीलमशेषमाशु
सूर्यांशुभिन्नमिव शार्वरमन्धकारम् ॥७॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो बीज बुद्धीणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ ह्रीं हं सों श्रां श्रीं क्रौं क्लीं सर्व दुरित संकट क्षुद्रोपद्रव कष्ट निवारणं कुरु कुरु स्वाहा। ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः।



८०

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में हरे रग के आसन पर पूर्वाभिमुख बैठकर, हरे रग की माला लेकर, २१ दिनो तक नित्य १०८ का

ऋद्धि-मन्त्र का जप करे। यन्त्र को समीप रक्खे। यन्त्र हरे रंग का तथा धूप लोबान मिश्रित होनी चाहिए।

उक्त विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर अभिमन्त्रित यन्त्र को गले में बांधने से सर्प का विष उतर जाता है। यदि मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कफड़ी को किसी सर्प के सिर पर मार दिया जाय तो वह कीलित हो जाता है। यह मन्त्र सब प्रकार के विषों को दूर करता है।

—:०:—

सर्वारिष्ट योग निवारक

श्लोक—मत्वेति नाथ तव संस्तवनं मयेद

मारभ्यते तनुधियाऽपि तव प्रभावात्।

चेतो हरिष्यति सतां नलिनीदलेषु

मुक्ताफलद्युतिमुपैति ननूद बिन्दुः॥८॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं णमो पावामुसारिण झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आउसा अप्रति चक्रे फट् विचक्राय झ्रौं झ्रौं स्वाहा। ॐ ह्रीं लक्ष्मण रामचंद्र देव्यै नमः स्वाहा।



साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में बैठकर, रीठा के बीज की माला लेकर २१ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में मन्त्र का 'जप करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खें। गुग्गुल, घृत तथा नमक की डली मिश्रित धूप का निर्धूम अग्नि में निक्षेप करे।

मन्त्र-सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय नमक की ७ डली लेकर उन्हें १०८ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, उनके द्वारा किसी पीड़ित अंग को झाड़ा देने में पीड़ा दूर होती है। यन्त्र को अपने पास रखने से हर प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

—: o :—

अभीप्सित फलदायक

श्लोक—आस्तां तव स्तवनमस्तसमस्त दोषं
त्वत्संकथाऽपि जगतां दुरितानि हन्ति।
दूरे सहस्रकिरणः कुरुते प्रभैव,
पद्माकरेषु जलजानि विकासभाञ्जि॥९॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं णमो संभिण्ण सोदराणं ह्रां ह्रीं नमः स्वाहा। ह्रीं ह्रीं ह्रूं ह्रः फट् स्वाहा। ॐ नमो ऋद्धये नमः।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्रौं क्ष्वीं रः रः हं हः नमः स्वाहा। ॐ नमो भगवते जय यक्षाय ह्रीं हूं नमः स्वाहा।

८२

साधन-विधि—उक्त मन्त्र द्वारा ४ कंकड़ियों को १०८ बार अभिमन्त्रित करके चारों दिशाओं में फेंक देने से मार्ग कीलित हो जाता है तथा चोर आदि किसी प्रकार का भय नहीं रहता।

— ० —

कूकर-विष-निवारक

श्लोक—नात्यद्भुतं भुवन भूषण भूतनाथ
भूतैर्गुणैर्भुवि भवन्तमभिष्टुवन्त ।
तुल्या भवन्ति भवतो ननु तेन किंवा
भूत्याश्रित य इह नात्मसमं करोति ॥१०॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो सयं बुद्धीणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र जन्मस्थान तो जन्मतो वा मनोत्कर्षं घृतावादिनोर्याना क्षांता भावे प्रत्यक्ष बुद्धान्मनो ह्म्ल्व्यूं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं ह्रः श्रां श्रीं श्रूं श्रः सिद्ध बुद्ध कृतार्थो भव भव वषट् संपूर्णं स्वाहा। ॐ ह्रीं अर्हं णमो शत्रु विनाशनाय जय पराजय उपसर्ग हराय नमः वषट् सम्पूर्णं स्वाहा।

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे पीले रग के आसन पर बैठे तथा पीले रग की माला लेकर ७ अथवा १० दिनो तक नित्य १०८ बार ऋद्धि-मन्त्र का जप करें। पीले रग के पुष्प चढाये तथा निर्धूम अग्नि मे कुन्दुरु मिश्रित धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खे।

उक्त विधि से मन्त्र-सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय १ नमक की डली लेकर उसे १०८ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, खिलाने से कुत्ता काटे का विष असर नहीं करता। यन्त्र को कुत्ता द्वारा काटे गये व्यक्ति के पास रखना चाहिए।

— o —

आकर्षण कारक एवं वांछापूरक

श्लोक—दृष्ट्वा भवन्तमनिमेष विलोकनीयं
नान्यत्र तोषमुपयाति जनस्य चक्षुः।
पीत्वा पयः शशिकर द्युति दुग्ध सिन्धो,
क्षारं जलं जलनिधे रसितुं क इच्छेत् ॥११॥

ऋद्धि – ॐ ह्रीं अर्हं णमोपत्तेय बुद्धीण झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं श्रां श्रीं कुमति निवारिण्यै महामायै नमः स्वाहा । ॐ नमो भगवते प्रसिद्ध रूपाय भक्ति युक्ताय सां सीं सौं ह्रां ह्रीं ह्रौं क्रौं झ्रौं नमः ।



साधन-विधि—पवित्र वस्त्र धारण कर, लाल रंग की माला हाथ में लेकर २१ दिनों तक नित्य १०८ बार मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम-अग्नि में कुन्दरू की धूप दें ।

उक्त विधि से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय स्नान एवं पवित्र वस्त्र धारण कर, सफेद रंग की माला हाथ में लेकर, खड़े होकर १०८ बार मन्त्र का जप करे तथा यन्त्र को समीप रक्खें । धूप, दीप, नैवेद्य तथा फल से अर्चना करें । इसके प्रभाव से साध्य-व्यक्ति का आकर्षण होता है और वह समीप चला आता है ।

—:०:—

हस्ति-मदविदारक एवं वांछित रूप दायक

श्लोक—यैः शान्तरागरुचिभिः परमाणुभिस्त्वं
निर्मापितस्त्रिभुवनैक ललामभूत ।
तावन्त एव खलु तेऽप्यणवः पृथिव्यां
यत्ते समानमपरं न हि रूपमस्ति ॥१२॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो बोही बुद्धीण झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ आं आ अ अः सर्व राजा प्रजा मोहिनी सर्वजन वश्यं कुरु कुरु स्वाहा ।

ॐ नमो भगवते अतुल बल पराक्रमाय आदीश्वर यक्षाधीष्ठाय ह्रां ह्रीं नमः ।

ॐ ह्रीं श्री क्लीं जिनधर्मचिन्ताय झ्रौं क्रौं र ह्रीं नमः ।



८५

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान में लाल रंग के आसन पर पूर्वाभिमुख बैठें तथा लाल रंग की माला लेकर ४२ दिन तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा दशांग धूप से निर्धूम-अग्नि में हवन करें। यन्त्र को अपने समीप रक्खें।

उक्त विधि से जब मन्त्र-सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकता के समय इस मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित-तैल हाथी को पिला देने से उसका मद उतर जाता है। प्रयोग के समय यन्त्र को अपने पास रखना चाहिए।

—:०:—

सम्पत्ति-दायक एवं शरीर-रक्षक

श्लोक—वक्त्रं क्व ते सुरनरोरग नेत्रहारि
निःशेष निर्जित जगत्त्रितयोपमानम् ।
बिम्बं कलङ्क मलिनं क्व निशाकरस्य
यद्वासरे भवति पाण्डु पलाशकल्पम् ॥१३॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो ऋजुमदीणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं हंसः ह्रौं ह्रां द्रां द्रीं द्रः मोहनी सर्वजनवश्यं कुरु कुरु स्वाहा ।

ॐ माना अष्ट सिद्धि क्लीं ह्रीं ह्स्व्य्रूँ युवताय नमः ।

ॐ नमो भगवते सौभाग्य रूपाय ह्रीं नमः ।

२६

साधन-विधि—किसी एकान्त स्थान मे बैठकर, पीली माला लेकर ७ दिनों तक नित्य १००० की सख्या मे ऋद्धि-मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम-अग्नि मे कुन्दरु की धूप दे। पृथ्वी पर शयन तथा दिन मे एक बार आहार करें। यन्त्र को समीप रखे।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय ७ कवडियाँ लेकर, उनमे से प्रत्येक को १०८ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित

कर चारों दिशाओं में फेंक दे। इसके प्रभाव से मार्ग में किसी प्रकार का भय नहीं रहता तथा चोर चोरी नहीं कर पाता।

— o —

आधि-व्याधि-नाशक

श्लोक—सम्पूर्ण मण्डल शशाङ्क कलाकलाप
शुभ्रां गुणास्त्रिभुवन तव लङ्घयन्ति।
ये संश्रितास्त्रिजगदीश्वर नाथमेकं,
कस्तान् निवारयति संचरतो यथेष्टम् ॥१४॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो विपुल मदीणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ नमो भगवती गुणवती महामानसी स्वाहा।



साधन-विधि—यन्त्र को समीप रखें तथा ७ कंकड़ियाँ लेकर प्रत्येक को उक्त मन्त्र से २१ बार अभिमन्त्रित करके चारों दिशाओं में फेंक दें।

इसके प्रभाव से व्याधि, शत्रु आदि का भय नहीं रहता। बाल रोग नष्ट होता है तथा लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

— ० —

सम्मान-सौभाग्य सम्वर्द्धक

श्लोक—चित्रं किमत्र यदि ते त्रिदशाङ्गनाभि-
नीतं मनागपि मनो न विकारमार्गम्।
कल्पान्तकाल मरुता चलिताचलेन
किं मन्दराद्रिशिखरं चलितं कदाचित् ॥१५॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो दस पुव्वीणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ नमो भगवती गुणवती सुसीमा पृथ्वी वज्र शृंखला मानसी महामानसी स्वाहा।

ॐ नमो अचिंत्य बल पराक्रमाय सर्वार्थ काम रूपाय ह्रीं ह्रीं क्रों श्रीं नमः।



साधन-विधि—लाल रंग के आसन पर पूर्वाभिमुख बैठकर तथा लाल रग की माला लेकर १४ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करे तथा निर्धूम-अग्नि मे दशांग धूप का निक्षेप करें। भोजन दिन भर में केवल एक बार करे। यन्त्र को समीप रक्खे।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय तैल को २१ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अपने मुंह पर लगाने से राज-दरबार मे सम्मान मिलता है तथा सौभाग्य एवं लक्ष्मी की वृद्धि होती है।

—: ० :—

सर्व-विजय दायक

श्लोक—निर्धूम वर्तिरपवर्जित तैलपूरः
कृत्स्नं जगत्त्रयमिदं प्रकटी करोषि।
गम्यो न जातु मरुतां चलिताचलानां
दीपोऽपरस्त्वमसि नाथ जगत्प्रकाशः ॥१६॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हणमो चउदसपुव्वीणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ नमः सुमंगला सुसीमानाम देवी सर्वसमीहितार्थं सर्व वज्र श्रृंखलां कुरु कुरु स्वाहा।



साधन-विधि—हरे रंग की माला लेकर ६ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि में कुन्दरू की धूप दें। यन्त्र को समीप रक्खें।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय १०८ बार मन्त्र को जप कर तथा यन्त्र को साथ लेकर राजदरबार में जाने से शत्रु का भय नहीं रहता। प्रतिपक्षी की हार होती है तथा स्वयं को विजय मिलती है।

—: ० :—

सर्व-रोग निरोधक

श्लोक—नास्तं कदाचिदुपयासि न राहुगम्यः
स्पष्टीकरोषि सहसा युगपज्जगन्ति।
नाम्भोधरोदर निरुद्ध महाप्रभावः
सूर्यातिशायिमहिमाऽसि मुनीन्द्र लोके ॥१७॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठांग महाणिमित्त कुशलाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ नमो णमि ऊण अट्ठे मट्ठे क्षुद्र विघट्टे क्षुद्र पीडां जठर पीडां भंजय भंजय सर्व पीडा सर्व रोग निवारणं कुरु कुरु स्वाहा।

ॐ नमो अजित शत्रु पराजयं कुरु कुरु स्वाहा।



साधन-विधि—सफेद रंग की माला लेकर ७ दिनों तक नित्य १००० की संख्या में ऋद्धि-मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि में चन्दन की धूप का निक्षेप करें। यन्त्र को समीप रक्खें।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर अछूते जल को २१ बार अभिमन्त्रित करके रोगी को पिलाने से पेट की असह्य पीड़ा, वायु शूल, गोला आदि रोग दूर हो जाते हैं। यन्त्र को रोगी के पास रक्खें।

—:०:—

शत्रु-सैन्य स्तम्भक

श्लोक—नित्योदयं दलित मोह महान्धकारं
गम्यं न राहु वदनस्य न वारिदानाम्।
विभ्राजते तव मुखाब्जमनल्प कान्ति
विद्योतयज्जगदपूर्वं शशाङ्क बिम्बम्॥१८॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउयण यड्ढि पत्ताण झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ नमो भगवते जय विजय मोहय मोहय स्तंभय स्तंभय स्वाहा।

ॐ नमो शास्त्रज्ञान बोधनाय परमेष्ठि प्राप्ति जयंकराय ह्रां ह्रीं क्ष्वीं नमः। ॐ नमो भगवते शत्रुसैन्य निवारणाय य यं यं क्षुर विध्वंसनाय नमः। क्लीं ह्रीं नमः।



साधन-विधि—लाल रंग की माला लेकर ७ दिनो तक नित्य १००० की संख्या मे मन्त्र का जप करें तथा निर्धूम-अग्नि मे दशांग धूप का निक्षेप करे। दिन में केवल एक बार भोजन करे। यन्त्र को समीप रक्खे।

उक्त विधि से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय १०८ बार मन्त्र का जप करने तथा यन्त्र को पास रखने से शत्रु की सेना का स्तम्भन होता है।

—:०:—

उच्चाटनादि रोधक

श्लोक—किं शर्वरीषु शशिनाऽह्नि विवस्वता वा
युष्मन्मुखेन्दु दलितेषु तमस्सु नाथ
निष्पन्नशालिवनशालिनि जीवलोके
कार्यं कियज्जल धरैर्जलभार नम्रैः ॥१९॥



६२

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो विज्जाहराणं ह्रौं ह्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रः यक्ष ह्रीं वषट् नमः स्वाहा ।

साधन विधि—उक्त ऋद्धि-मन्त्र का १०८ बार जप करने तथा यन्त्र पास रखने से दूसरों के द्वारा किये गये मन्त्र, विद्या, जादू, टोना, मूठ आदि का असर नहीं होता तथा उच्चाटन का भय नहीं रहता ।

—:०:—

सन्तान-सम्पत्ति-सौभाग्य प्रदायक

श्लोक—ज्ञानं यथा त्वयि विभाति कृतावकाशं
नैवं तथा हरिहरादिषु नायकेषु।
तेजः स्फुरन्मणिषु याति यथामहत्त्वं
नैवं तु काचशकले किरणाकुलेऽपि ॥२०॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो चारणाणं ह्रौं ह्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ श्रां श्रीं श्रूं श्रः शत्रु भय निवारणाय ठः ठः नमः स्वाहा।

ॐ नमो भगवते पुत्रार्थं सौख्य कुरु कुरु स्वाहा। ह्रीं नमः।



साधन-विधि—उक्त मन्त्र को १०८ बार जपने तथा यन्त्र को पास रखने से धन तथा सन्तान की प्राप्ति होती है। सौभाग्य एव बुद्धि की वृद्धि होती है तथा विजय प्राप्त होती है।

—:०:—

सर्व सुख-सौभाग्य साधक

श्लोक—मन्ये वरं हरिहरादय एव दृष्टा
दृष्टेषु येषु हृदयं त्वयि तोषमेति ।
किं वीक्षितेन भवता भुवि येन नान्यः
कश्चिन्मनो हरति नाथ भवान्तरेऽपि ॥२१॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हंणमो पणसमणाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ नमः श्री माणिभद्र जय विजय अपराजिते सर्वं सौभाग्यं सर्वं सौख्यं कुरु कुरु स्वाहा ।

ॐ नमो भगवते शत्रुभय निवारणाय नमः ।



साधन-विधि—उक्त मन्त्र को ४२ दिनों तक नित्य १०८ बार जपने तथा यन्त्र को अपने पास रखने से सब लोग अपने अधीन रहते है तथा सुख-सौभाग्य की वृद्धि होती है ।

—:०:—

भूत-पिशाच-बाधा-निरोधक

श्लोक—स्त्रीणां शतानि शतशो जनयन्ति पुत्रान्
नान्या सुतं त्वदुपमं जननी प्रसूता ।
सर्वादिशो दधति भानि सहस्ररश्मिं
प्राच्येव दिग्जनयति स्फुरदंशुजालम् ॥२२॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो आगासगामिणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ नमो श्री वीरेहिं जृंभय जृंभय मोहय मोहय स्तंभय स्तंभय अवधारणं कुरु कुरु स्वाहा ।

साधन-विधि—जिस व्यक्ति को डाकिनी, शाकिनी, भूत, पिशाच, चुड़ैल आदि लगे हों, उसे उक्त मन्त्र द्वारा २१ बार अभिमन्त्रित हल्दी की गाँठ चबाने को दें तथा यन्त्र को गले में बाँध दें तो उक्त सभी दोष दूर हो जाते हैं ।



—: o :—

प्रेत-बाधा-नाशक

श्लोक—त्वामामनन्ति मुनयः परमं पुमांस
मादित्यवर्णममलं तमसः परस्ताव् ।
त्वामेव सम्यगुपलभ्य जयन्ति मृत्यु
नान्यः शिवः शिवपदस्य मुनीन्द्र पन्थाः ॥२३॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो आसी विसाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ नमो भगवती जयावती मम समीहितार्थं मोक्ष सौख्यं कुरु कुरु स्वाहा ।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्व सिद्धाय श्रीं नमः ।



साधन-विधि—सर्वप्रथम उक्त मन्त्र को १०८ बार जप कर अपने शरीर की रक्षा करें, तदुपरान्त जिस व्यक्ति को प्रेत-बाधा हो, उसे उक्त मन्त्र द्वारा झाड़ा दें तथा यन्त्र को समीप रक्खें तो सब प्रकार की प्रेत-बाधा दूर हो जाती है ।

—:०:—

शिरोरोग-नाशक

श्लोक—त्वामव्ययं विभुमचिन्त्यमसंख्यमाद्यं
ब्रह्माणमीश्वरमनन्तमनङ्ग केतुम्।
योगीश्वरं विदित योगमनेकमेकं
ज्ञानस्वरूपममलं प्रवदन्ति सन्तः ॥२४॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो दिट्ठि विसाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—स्थावर जंगमं वाद्यकृतिमं सकल विषयद्भवतेः अप्रमणमिताये दृष्टिविषयान् मुनीन् ते वर्द्धमानस्वामी सर्वं हितं कुरु कुरुः स्वाहा।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रः असि आउसा झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।



साधन-विधि—इस मन्त्र द्वारा २१ बार अभिमन्त्रित की गयी राख को दुखते हुए सिर पर लगाने तथा यन्त्र को रोगी-व्यक्ति के पास रखने से सभी शिरोरोग दूर हो जाते है। मन्त्र का प्रतिदिन १०८ बार जप अवश्य करते रहना चाहिए।

—:०:—

दृष्टि-दोष-निवारक

श्लोक—बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चितबुद्धिबोधात्
त्वं शङ्करोऽसि भुवनत्रय शङ्करत्वात् ।
धातासि धीर शिवमार्गविधेर्विधानात्
व्यक्तं त्वमेव भगवन् पुरुषोत्तमोऽसि ।।२५।।

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो उग्गतवाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

मन्त्र—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आउसा झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा ।

ॐ नमो भगवते जय विजय अपराजिते सर्व सौभाग्य सर्व सौख्यं कुरु कुरु स्वाहा ।



६८

साधन-विधि—उक्त मन्त्र की इच्छित संख्या में आराधना करने तथा यन्त्र को अपने पास रखने से दृष्टि-दोष (नजर) उतर जाता है तथा आराधक पर अग्नि का प्रभाव भी नहीं होता ।

—:०:—

आधासीसी-पीड़ा विनाशक

श्लोक—तुभ्यं नमस्त्रिभुवनार्ति हराय नाथ
तुभ्यं नमः क्षितितलामलभूषणाय।
तुभ्यं नमस्त्रिजगतः परमेश्वराय
तुभ्यं नमो जिन भवोदधि शोषणाय ।।२६।।

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हणमो दित्त तवाणं झ्रौं झ्रौं नमः स्वाहा।

मन्त्र—ॐ नमो ह्रीं श्रीं क्लीं ह्रूं ह्रूं परजन शांति व्यवहारे जयं कुरु कुरु स्वाहा।



साधन-विधि—उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित तैल को सिर पर लगाने तथा यन्त्र को पास रखने से आधासीसी आदि सब प्रकार के सिर-दर्द दूर हो जाते हैं तथा अभिमन्त्रित तैल को मालिश करने एवं अभिमन्त्रित दूध को पिलाने से प्रसूता स्त्री को शीघ्र प्रसव होता है।

—:०:—

शत्रु-नाशक

श्लोक—को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणैरशेषै
स्त्वं संश्रितो निरवकाशतया मुनीश।
दोषैरुपात्त विविधाश्रय जातगर्वैः
स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचिदपीक्षितोऽसि ॥२७॥

